इस्कॉन के महाप्रसाद से रोज मिट रही भूख, प्यास और थकान

इंदौर। महाकुंभ 2025, उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में पिछले 13 दिनों से आयोजित है, जिसमें अब तक 10 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने प्रयागराज संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

इस बीच इन श्रद्धालुओं की पेट की भूख और प्यास के साथ थकान को मिटाने अदाणी समूह ने बीड़ा उठाया है। अदाणी समूह ने सनातम धर्म के प्रचारक इस्कॉन के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क भोजन प्रसाद वितरण का आयोजन किया है। जिसमें हर दिन लाखों श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट और सात्विक भोजनप्रसाद परोसा जा रहा है। अदाणी और इस्कान समूह की इस जुगल बंदी ने पूरे मेलाक्षेत्र में घूमकर घूमकर अब तक करोड़ों आगंतुकों को स्वादिष्ट भोजन महाप्रसाद परोसा है।

Raj Express • 24 Jan • Adani Group

Mother-in-law and daughter-in-law of Adani family show amazing form in Mahaprasad kitchen

7 • PG | 45 • Sqcm | 55054 • AVE | 1.45M • Cir | Middle Right

Indore

महाप्रसाद रसोई में अदाणी परिवार की सास-बहू का दिखा अद्भुत रूप

इंदौर। महाकुंभ के भव्य आयोजन में सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन पंडाल में 21 जनवरी को एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। इस्कॉन के विशाल रसोईघर में हाथों से मटर की फलियां छीलती डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू और नन्ही पोती के साथ बैठी थीं। इस्कॉन रसोई में सेवा करने वाली महिलाओं की टोली जुटी हुई थी। इस बीच डॉ. प्रीति अदाणी ओर उनकी बहू परिधि अदाणी उनके बीच पहुंचती हैं और मुस्काते हुए साथ ही सेवा करना शुरू कर देती हैं। इसके बाद डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहु के साथ उस जगह पर पहुंची जहां पर रोटी बनाने का काम चल रहा था। वहां पहुंचते ही सास-बहू की जोड़ी जमीन पर बैठ गई और रोटियों पर घी लगाने का काम करने लगी।

Raj Express • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

4 • PG | 114 • Sqcm | 0 • AVE | 1.44M • Cir | top

Bhopal

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ

भोपाल। उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथजीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की।

Raj Express • 22 Jan • Adani Group

Businessman Adani did Bhandara in Mahakumbh

1 • PG | 48 • Sqcm | 58285 • AVE | 1.45M • Cir | Top Right

Indore



महाकुंभ में बिजनेसमैन अडाणी ने किया भंडारा

प्रयागराज, आरएनएन। बिजनेसमैन गौतम अडाणी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ महाकुंभ पहुंचे। वह यहां करीब डेढ़ घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने बड़े हनुमान की पूजा की, फिर संगम की आरती की। इसके बाद अडाणी इस्कॉन की रसोई में गए और वहां भंडारे का भोजन बनाया। फिर लोगों को खाना परोसा और खुद भी भंडारे में भोजन किया। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी आज पत्नी और मंत्री नंदी के साथ संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि योगीजी ने बहुत बढ़िया व्यवस्था की है। 9 दिन में 9 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 5 फरवरी को पीएम मोदी और 10 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ आएंगी।

खाना बनाया और परोसा, पत्नी के साथ संगम की आरती उतारी

Raj Express • 21 Jan • Adani Group

Adani-ISKCON are celebrating Green and Clean Mahakumbh

7 • PG | 46 • Sqcm | 56884 • AVE | 1.45M • Cir | Top Right

Indore



अदाणी-इस्कॉन मना रहे हैं ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ

इंदौर। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुथरे वातावरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन एक लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है। महाकुंभ में अदाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन सब्जियों की खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है।

Raj Express • 21 Jan • Adani Group

Gautam Adani will become a participant of Punya in Mahakumbh

7 • PG | 42 • Sqcm | 51232 • AVE | 1.45M • Cir | Top Right

Indore



महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे गौतम अदाणी

इंदौर। उद्योगति गौतम अदाणी आज मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद अतिप्रसिद्ध बड़े हनुमानजी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त गीता प्रेस के साथ मिलजुल कर अदाणी समूह 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण कर रहा है।

Rashtriya Swarup • 28 Jan • Adani Group

Adani Group is providing Mahaprasad to the devotees

2 • PG | 68 • Sqcm | 6756 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow



अदाणी समूह श्रद्धालुओं को उपलब्ध करा रहा महाप्रसाद

स्वरूप ब्यूरो

लखनऊ। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की प्रेरणा से सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है उद्देश्य के तहत स्वैच्छिक सेवाभाव से इस्कान द्वारा स्थापित किचन से फील्ड तक महाप्रसाद वितरण एवं अन्य कार्यों में महाकुंभ में जुटे अदाणी समूह के कर्मयोगी। ज्ञातव्य है कि अदाणी समूह दिन रात इस्कान के सहयोग से दिन रात श्रद्धालुओं एवं साधु संतों को जहाँ एक तरफ़ महाप्रसाद उपलब्ध करा रहा वहीं गीता प्रेस के सौजन्य से 1 करोड़ आरती संग्रह का नि:शुल्क वितरण कर रहा। गोल्फ कार्ट की मुफ्त सेवा से संगम स्नान सुगम हो रहा है।

Rashtriya Swarup • 25 Jan • Adani Group

Adani family's mother-in-law and daughter-in-law reached the Mahaprasad kitchen

12 • PG | 199 • Sqcm | 19920 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow

महाप्रसाद रसोई में पहुंची अदाणी परिवार की सास-बहू

रसोई में काम कर रही महिलाओं संग बटाया हाथ

स्वरूप ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुंभ के भव्य आयोजन में जब श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा रहे थे, तब सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन पंडाल में 21 जनवरी 2024 को एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। इस्कॉन के विशाल रसोईघर में "महाप्रसाद रसोई में पहुंच अदाणी परिवार की सास-बहू खास से आम हो गईं। अदाणी परिवार की सास-बहू ने रसोई में काम कर रही महिलाओं संग हाथ बटाया मटर की फलियां छीलती डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू और नन्ही पोती के साथ बैठी रहीं। इस्कॉन रसोई में सेवा करने वाली महिलाओं की टोली जुटी हुई थी—कोई सब्जी छील रहा था तो कोई हल्के हंसी-मजाक के बीच सेवा में जुटा हुआ था। इस बीच डॉ. प्रीति अदाणी और



उनकी बहू परिधि अदाणी उनके बीच पहुंचती हैं और मुस्काते हुए साथ ही सेवा करना शुरू कर देती हैं। मटर के दानों को अपने हाथों से अलग करते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान थी। उनके साथ उनकी बहू परिधि अदाणी भी मटर छीलने का काम पूरी लगन से कर रही थीं। इस सबके बीच उनकी पोती भी गोद में बैठ कर मटर छीलने की कोशिश करती दिखी। अपनी मां, पत्नी और बेटी को पास ही खड़े गौतम अदाणी के बेटे करण अदाणी भी तल्लीनता से देख रहे थे।

इसके बाद डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहु के साथ उस जगह पर पहुंचीं जहां पर रोटी बनाने का काम चल रहा था। वहां पहुंचते ही सास-बहू की जोड़ी जमीन पर बैठ गई और रोटियों पर घी लगाने का काम करने लगी। रोटी मेकिंग मशीन से रोटी बन कर जैसे ही बाहर आती डॉ. प्रीति अदाणी और परिधि अदाणी फौरन उन रोटियों में घी लगा कर श्रद्धालों को परोसने के लिए आगे बढ़ा देते। सादगी, सेवा और संस्कृति—तीनों का यह सुंदर संगम कुंभनगरी में अपनी एक अलग पहचान छोड़ गया। 21 जनवरी को गौतम अदाणी सपरिवार महाकुंभ स्थल प्रयागराज आए हुए थे। इस मौके पर उन्होंने इस्कान में प्रसाद सेवा, पवित्र संगम में स्नान एवं पूजा-अर्चना और बड़े हनुमान जी के दर्शन किए। बता दें कि महाकुंभ के मौके पर अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों में महाप्रसाद वितरण और गीता प्रेस के साथ मिलकर 1 करोड़ आरती संग्रह वितरण का संकल्प लिया है।

Rashtriya Swarup • 23 Jan • Adani Group

Shri Adi Shankar Vimana Mandapam becomes the main center of Maha Kumbh

12 • PG | 245 • Sqcm | 24467 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow

महाकुम्भ का प्रमुख केंद्र बना, श्री आदि शंकर विमान मंडपम्म

उद्योगपति गौतम अदानी ने परिवार समेत किया दर्शन एवं पूजन

स्वरूप ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज की पुण्य भूमि पर स्थित आदि शंकर विमान मंडपम मंदिर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है। मंदिर की आभा ऐसी है कि वो श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच ही लेती है। इसी आभा के आकर्षण में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुछ समय पूर्व मंदिर में विग्रहों के दर्शनों के लिए आ चुके हैं। वहीं देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदानी भी अपने परिवार सहित मंगलवार को यहां पहुंचे। गौतम अदानी के यहां आने के बाद एक बार फिर पूरे देश में आदि शंकर विमान मंडपम को लेकर श्रद्धालुओं में काफी रुचि देखी जा रही है। प्रयागपुत्र के नाम से विख्यात राकेश शुक्ला ने बताया कि आदि शंकर विमान मंडपम, जो कुम्भ क्षेत्र में भारतीय दर्शन और सांस्कृतिक चेतना का प्रमुख केंद्र है।मंगलवार को प्रमुख उद्योगपति गौतम अदानी ने यहां पूजा अर्चना की। मंदिर के मुख्य द्वार पर



पूज्य स्वामी काशी मनी जी के मार्गदर्शन में 51 वैदिक ब्राह्मणों ने स्वस्ति वाचन के साथ उनका भव्य स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में स्थित गीता प्रेस द्वारा निर्मित आरती संग्रह पगोडा पर उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ संवाद किया। यह आत्मीय वार्ता न केवल उनकी आध्यात्मिक आस्था को प्रकट करती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और जुड़ाव का परिचय भी देती है।

शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने कराया मंदिर निर्माण

कांचिकामकोटि के 69वें पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी जयेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती की इच्छापूर्ति के लिए श्री आदि शंकर विमान मंडपम् का निर्माण कराया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने वर्ष 1934 में प्रयाग में चातुर्मास किया था। उन दिनों वो दारागंज के आश्रम में रुके थे। प्रतिदिन पैदल संगम स्नान को आते थे। उस दौरान बांध के पास उन्हें दो पीपल के वृक्षों के बीच खाली स्थान नजर आया। गुरु चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती ने धर्मशास्त्रों का अध्ययन किया और स्वयं के तपोबल से यह साबित किया कि इसी स्थान पर आदि शंकराचार्य और कुमारिल भट्ट के बीच संवाद हुआ था।

130 फीट ऊंचा है मंदिर

130 फीट ऊंचे इस मंदिर में श्री आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। देवी कामाक्षी और 51 शक्तिपीठ के अलावा तिरुपति बालाजी और सहस्र योग लिंग के साथ 108 शिवलिंग मंदिर में स्थापित हैं। गणेश जी का मंदिर भी है। मंदिर प्रात: 6 बजे से दोपहर 1 बजे और सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए खुला रहता है। मंदिर के ऊपरी तलों से संगम का विहंगम दृश्य देखने को मिलता है। महाकुम्भ में भी श्री आदि शंकर विमान मंडपम् में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शनों के लिए आ रहे हैं।

Rashtriya Swarup • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

1 • PG | 127 • Sqcm | 12674 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ

बोले अद्भुत, अद्वितीय और अलौकिक

महाकुम्भ नगर (स्वरूप ब्यूरो)। दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान



जी के किए दर्शन: गौतम अदाणी नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-

(शेष पेज 7 पर)

Rashtriya Swarup • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani with family...

1 • PG | 46 • Sqcm | 4554 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow



किया था, लेकिन उन्होंने कभी भी उनके सुझाव पर ध्यान नहीं दिया।

गौतम अदाणी सपरिवार...

अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के पंडाल गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया।

Rashtriya Swarup • 21 Jan • Adani Group

Gautam Adani will become a participant of Punya in Mahakumbh

1 • PG | 49 • Sqcm | 4935 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow



महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे गौतम अदाणी

लखनऊ (स्वरूप ब्यूरो)। दुनिया के जाने माने उद्योगति गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद अतिप्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन 1 लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। (शेष पेज 7 पर)

Rashtriya Swarup • 20 Jan • Adani Group

Adani-ISKCON are celebrating Green and Clean Mahakumbh

12 • PG | 158 • Sqcm | 15774 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow

अदाणी-इस्कॉन मना रहे हैं ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ

ना प्लास्टिक का इस्तेमाल, ना प्रदूषण करने वाले ईंधन का

स्वरूप ब्यूरो

प्रयागराज। पूरा देश महाकुंभ 2025 के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ 2025 में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। ग्रीन एनर्जी के लिए देश और दुनिया भर में अदाणी ग्रुप का नाम जाना जाता है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुथरे वातावरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है।

लोकल दुकानदारों से खरीदारी, पूरे प्रयागराज की भागीदारी

महाकुंभ में अदाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन खाना बनाने के लिए सब्जियों की खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है। हर रोज एक रसोई में 150 क्विंटल सब्जी की खपत होती है। पूरी महाकुंभ सिटी में इस तरह से 3 विशाल रसोई बनाए गए हैं। इस लिहाज से प्रतिदिन लोकल दुकानदारों से 450 क्विंटल सब्जी की खरीदारी होती है। इसे प्रतिदिन सुबह खरीदकर किचन स्थल तक पहुंचाया जाता है।



ग्रीन फूड-क्लीन फूड

अदाणी-इस्कॉन पूरी तरह से ग्रीन फूड एंड क्लीन फूल के मंत्र पर काम कर रहा है। खाना बनाते और परोसते वक्त प्लास्टिक या पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी तरह से वर्जित है। सभी कार्य ऑर्गेनिक तरीके से ही किया जाता है। मिसाल के तौर पर खाना परोसने के लिए पत्ते से बनी थाली का इस्तेमाल किया जाता है और पानी पीने के लिए भी प्लास्टिक के गिलास का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इतना ही नहीं खाना जिन पत्तलों में परोसा जाता है उनकी खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है। रोज 3 लाख से ज्यादा पत्तलों का इस्तेमाल होता है जो पूरी तरह से ऑर्गेनिक होते हैं और इससे निकला कचरा पर्यावरण को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाता। खाना बनाने के लिए भी ग्रीन ईंधन का इस्तेमाल होता है। खाना पकाने के लिए एलपीजी गैस के साथ ही गाय के उपलों का इस्तेमाल किया जाता है।

Rashtriya Swarup • 13 Jan • Adani Group

Service is meditation, service is prayer and service is God: Gautam Adani

12 • PG | 200 • Sqcm | 19969 • AVE | 180K • Cir | Top Right

Lucknow

महाकुंभ 2025 अदाणी और इस्कॉन मिलकर शुरु करेंगे महाप्रसाद सेवा

सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है:गौतम अदाणी

प्रयागराज। देश और मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में विख्यात महाकुंभ 2025 को सेवा भाव से संपन्न करने के लिए अदाणी समूह ने इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ हाथ मिलाया है। महाकुंभ में महाप्रसाद सेवा में इस्कॉन के सहयोग देने पर अदाणी समूह के चेयरमैन, गौतम अदाणी ने कहा कुंभ सेवा की वो तपोभूमि है जहां हर हाथ स्वत: ही परमार्थ में जुट जाता है! यह मेरा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में हम इस्कॉन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए 'महाप्रसाद सेवा' आरंभ कर रहे हैं, जिसमें मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों लोगों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है। महाकुंभ मेले में महाप्रसाद सेवा के संदर्भ में इस्कॉन गवर्निंग बॉडी कमीशन के चेयरमैन, परम पूज्य गुरु प्रसाद स्वामी जी



ने कहा अदाणी समूह हमेशा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और सामाजिक सेवा का एक शानदार उदाहरण रहा है। गौतम अदाणी जी, को उनकी विनम्रता उत्कृष्ट बनाती है - वह कभी भी बुलाए जाने का इंतजार नहीं करते बल्कि निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए स्वयं आगे बढ़ते हैं। हम उनके योगदान के लिए बेहद आभारी हैं। उनका काम हमें समाज को वापस लौटाने और मानवता की सेवा में एकजुट होने के लिए प्रेरित करता है। परम पूज्य गुरु प्रसाद स्वामी जी, अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी के उत्कृष्ट प्रचारकों में से एक हैं। महाकुंभ में 50 लाख श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद सेवा का संचालन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक किया जाएगा। इस्कॉन ने मेला क्षेत्र और उसके बाहर महाप्रसाद बनाने के लिए दो किचन तैयार किए गए हैं और महाकुंभ क्षेत्र में 40 स्थानों पर महाप्रसाद सेवा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगी। 2 हजार 500 वालंटियर इस सेवा में अपना योगदान देंगे। कुंभ मेले में दिव्यांगों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के बीच गीता सार की 5 लाख प्रतियां भी वितरित की जाएंगी। धार्मिक समागम और आध्यात्मिक एकता के प्रतीक महाकुंभ 2025 में अदाणी समूह और गीता प्रेस श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव प्रदान करेंगे। महाकुंभ में गीता प्रेस, अदाणी समूह के साथ मिलकर सनातन धर्मावलंबियों में आरती संग्रह बांटेंगे। गीता प्रेस की स्थापना हुए 100 वर्ष पहले हुई और यह श्रद्धालुओं को सनातन धर्म के मूल्यों और आदर्शों से जोड़ने का एक माध्यम है।

Dainik Savera • 25 Jan • Adani Group

Gautam Adani saparivar pahuche mahakumbh bole -adhbhut advitiya aalokik

3 • PG | 224 • Sqcm | 53750 • AVE | 40.03K • Cir | Bottom Left
Chandigarh

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले - अद्भुत, अद्वितीय, आलौकिक!

सवेरा न्यूज/स.ह. (चंडीगढ़): दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी



अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। उन्होंने कहा अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गई हैं।

Dainik Savera • 23 Jan • Adani Group

Mother-in-law and daughter-in-law of Adani family engaged in service

2 • PG | 214 • Sqcm | 51241 • AVE | 40.03K • Cir | Middle Left

Chandigarh

महाप्रसाद रसोई में अदाणी परिवार की सास-बहू सेवा में जुटीं



सवेरा न्यूज/स.ह.

चंडीगढ़ : महाकुंभ के भव्य आयोजन में जब श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा रहे थे, तब सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन पंडाल में 21 जनवरी 2024 को एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। इस्कॉन के विशाल रसोईघर में हाथों से मटर की फलियां छीलती डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू और नन्ही पोती के साथ बैठी थीं। सबका मनमोह गई सास-बहू की जोड़ी इस्कॉन रसोई में सेवा करने वाली महिलाओं की टोली जुटी हुई थी-कोई सब्जी छील रहा था तो कोई हल्के हंसी-मजाक के बीच सेवा में जुटा हुआ था। इस बीच डॉ. प्रीति अदाणी ओर उनकी बहू परिधि अदाणी उनके बीच पहुंचती हैं और मुस्कराते हुए साथ ही सेवा करना शुरू कर देती हैं। मटर के दानों को अपने हाथों से अलग करते हुए उनके चेहरे पर मुस्कान थी। उनके साथ उनकी बहू परिधि अदाणी भी मटर छीलने का काम पूरी लगन से कर रही थीं। इस सबके बीच उनकी पोती भी गोद में बैठ कर मटर छीलने की कोशिश करती दिखी। अपनी मां, पत्नी और बेटी को पास ही खड़े गौतम अदाणी के बेटे करण अदाणी भी तल्लीनता से देख रहे थे।

Dainik Savera • 22 Jan • Adani Group

Mahakumbh main pahunche Gautam Adani

12 • PG | 550 • Sqcm | 132060 • AVE | 40.03K • Cir | Bottom Left
Chandigarh

महाकुंभ में पहुंचे गौतम अदाणी





अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी परिवार के साथ महाकुंभ मेले में पूजा करते हुए।

सवेरा न्यूज/महाकुंभ नगर, 21 जनवरी : संगम नगरी प्रयागराज में 'महाकुंभ 2025' के भव्य आयोजन में अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी मंगलवार को पहुंचे। महाकुंभ नगर के सैक्टर नंबर 18 स्थित इस्कॉन वीआईपी शिविर पहुंचने पर गौतम अदाणी का स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी भी मौजूद रही। स्वागत के बाद गौतम अदाणी सैक्टर 19 इस्कॉन पहुंचे, जहां उन्हें महाप्रसाद बनाते देखा गया। इसी क्रम में गौतम अदाणी खुद प्रयागराज के इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा में हिस्सा ले रहे हैं। गौतम अदाणी ऐतिहासिक महाकुंभ में भंडारा सेवा करने के साथ ही त्रिवेणी में पूजा-अर्चना करेंगे और प्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के मंदिर में दर्शन करेंगे।

भंडारा सेवा में बनाया महाप्रसाद





श्री बड़े हनुमान मंदिर में भोजन वितरित करते गौतम अदाणी

7 फरवरी को छोटे बेटे जीत का व्याह सादे ढंग से करेंगे

गौतम अदाणी के छोटे बेटे जीत का विवाह अगले महीने एक सादे और पारंपरिक समारोह में किया जाएगा। अदाणी ने अपने बेटे जीत की शादी सूरत के हीरा व्यापारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शाह से किए जाने पर संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा, यह एक बहुत सामान्य विवाह होगा जैसे आम लोग करते हैं। इस विवाह से पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह विवाह उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत के विवाह के बाद दूसरा सबसे सुर्खियों वाला विवाह होगा। हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर यह अटकलें लगाई जा रही थी कि इस विवाह के मेहमानों की सूची में एलन मस्क से लेकर बिल गेट्स जैसे लोग शामिल हो सकते हैं। जीत (28) की दिवा से सगाई मार्च, 2023 में अहमदाबाद में एक निजी समारोह में हुई थी। सोशल मीडिया पर यह अटकलें भी लगाई जा रही थी कि भारत और इंगलैंड के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच इस शादी की वजह से मोटेरा स्टेडियम से अन्यत्र ले जाया गया।

Dainik Savera • 21 Jan • Adani Group

Gautam Adani will serve Bhandara in ISKCON pandal

2 • PG | 101 • Sqcm | 24123 • AVE | 40.03K • Cir | Middle Right
Chandigarh

इस्कॉन पंडाल में भंडारा की सेवा करेंगे गौतम अदाणी

सवेरा न्यूज/स.ह. चंडीगढ़ : दुनिया के जाने माने उद्योगति गौतम अदाणी आज मंगलवार को महाकुंभ में पुण्य के भागी बनेंगे। वह महाकुंभ 2025 के मौके पर प्रयागराज की यात्रा कर रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद अतिप्रसिद्ध बड़े हनुमान जी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुंभ आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन 1 लाख श्रृद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है। इसके अतिरिक्त गीता प्रेस के साथ मिलजुल कर अदाणी समूह 1 करोड़ आरती संग्रह का वितरण कर रहा है।

Dainik Savera • 20 Jan • Adani Group • Adani Green Energy Ltd. (AGEL)

Adani iscon mana rahe green and clean mahakumbh

2 • PG | 122 • Sqcm | 29181 • AVE | 40.03K • Cir | Middle Left

Chandigarh

अदाणी-इस्कॉन मना रहे ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ



सवेरा न्यूज/स.ह. चंडीगढ़ : पूरा देश महाकुंभ 2025 के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ 2025 में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। ग्रीन एनर्जी के लिए देश और दुनिया भर में अदाणी ग्रुप का नाम जाना जाता है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुधरे वातारवरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है।

Dainik Savera • 19 Jan • Adani Group

Adani group ke sath milkar iscon lakho shardhaluo ko parosh raha bhojan

10 • PG | 125 • Sqcm | 29888 • AVE | 40.03K • Cir | Top Center
Chandigarh

अदाणी समूह के साथ मिलकर इस्कॉन लाखों श्रद्धालुओं को परोस रहा भोजन

महाकुम्भ नगर, 18 जनवरी : महाकुम्भ मेले में पहली बार देश के दिग्गज कॉरपोरेट घराने अदाणी समूह का साथ पाकर इस्कॉन उत्साहित है और अब वह पहले की तुलना में कहीं अधिक क्षमता से श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद उपलब्ध करा रहा है। यहां सैक्टर 19 में हर्षवर्धन मार्ग पर स्थित इस्कॉन के शिविर में धार्मिक संगठन के निदेशक (सीएसआर) मधुकांत दास ने बताया कि एक रसोई में एक सत्र में 30 से 35 हजार लोगों का खाना तैयार होता है। एक दिन में तीन सत्रों में कुल मिलाकर एक लाख से अधिक लोगों के लिए खाना तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस्कॉन का भोजन प्रसाद पूरी तरह से संतुलित है जिसमें दाल, छोले या राजमा, सब्जी और रोटी-चावल के साथ ही मीठे में हलवा या बूंदी के लड्डू शामिल हैं। ये भोजन मिट्टी के चूल्हे में लकड़ी और गोबर के कंडों की आग पर तैयार किए जाते हैं जिससे इनका स्वाद लाजवाब है।

Dainik Savera • 13 Jan • Adani Group

Main jo kar raha hun Bhagbaan ki parerna se kar raha hun: Gautam Adani

5 • PG | 450 • Sqcm | 107956 • AVE | 40.03K • Cir | Middle Left

Chandigarh

मैं जो कर रहा हूं भगवान की प्रेरणा से कर रहा हूं : गौतम अदाणी

सवेरा न्यूज/एजेंसी

नई दिल्ली, 12 जनवरी : अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि वह आज जो कुछ भी हैं भगवान के आशीर्वाद से हैं जिन्होंने उनका हर काम में मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पैसा और दूसरी व्यक्तिगत जरूरतें उनके लिए उतना मायने नहीं रखती हैं। गुजरात के अहमदाबाद में इस्कॉन के गवर्निंग बॉडी कमिशन के अध्यक्ष गुरु प्रसाद स्वामी महाराज के साथ बातचीत के दौरान गौतम अदाणी ने कहा, 'मैं एक बहुत ही साधारण परिवार से संबंध रखता हूं। हम जिस भी मुकाम पर पहुंच जाएं, कभी-कभी जब मैं अपनी आंखें बंद करता हूं, तो मुझे हमेशा लगता है कि मैं अपनी योग्यता के कारण यहां नहीं पहुंचा हूं। मैं जो भी कर रहा हूं मेरा भगवान यह सुनिश्चित कर रहा है कि मैं वह कर रहा हूं इसलिए, पैसा और आपकी व्यक्तिगत क्षमता की जरूरत की दूसरी चीजें बहुत ही मामूली हैं।'



अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी (इस्कॉन) और अदाणी समूह ने प्रयागराज में सोमवार से शुरू हो रहे महाकुंभ मेले में भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए हाथ मिलाया है। महाप्रसाद सेवा 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के दौरान दी जाएगी। अदाणी समूह के चेयरमैन ने कहा कि उनका समूह हमेशा समाज की मदद के लिए आगे आएगा। उन्होंने स्वामी महाराज को बताया, 'हम आपकी मदद से समाज की मदद करने के लिए आप पर निर्भर रहेंगे...। यह हमारे लिए भी वास्तव में सौभाग्य और सम्मान की बात होगी। आपके पास लाखों लोगों तक पहुंच वाला एक अद्भुत संगठन और वितरण प्रणाली है।' इस्कॉन के गवर्निंग बॉडी कमिशन के अध्यक्ष गुरु प्रसाद स्वामी महाराज और अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने इस्कॉन के लिए आपसी सम्मान की भावना व्यक्त की और उसकी प्रशंसा की।

Dainik Savera • 10 Jan • Adani Group

Adani Group

9 • PG | 98 • Sqcm | 23565 • AVE | 40.03K • Cir | Middle Right

Chandigarh



अदाणी ग्रुप और इस्कॉन प्रयागराज में महाकुंभ में 'महाप्रसाद सेवा' शुरू करेंगे, जिसको लेकर इस्कॉन के गुरु प्रसाद स्वामी के साथ मुलाकात करते अदाणी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अदाणी।

Hindustan • 25 Jan • Adani Group

40 thousand rotis in one hour, 40 quintals of potato curry cooked in a frying pan

10 • PG | 515 • Sqcm | 515433 • AVE | 668.06K • Cir | Top Right

Varanasi

एक घंटे में 40 हजार रोटी, कड़ाहे में 40 क्विंटल आलू की सब्जी

30 हजार लोग सबसे बड़ी रसोई में रोज ग्रहण कर रहे प्रसाद

06 से अधिक अन्न क्षेत्र महाकुम्भ नगर में चल रहे हैं

इस्कॉन की रसोई में ऑटोमैटिक मशीन पर बन रहीं रोटियां

30 किलो आटा 15 से 20 मिनट में गूथ देती हैं मशीनें

■ संजोग मिश्र

महाकुम्भ नगर। धर्म की नगरी में पुण्यलाभ कमाने के लिए लोग लालायित हैं। महाकुम्भ क्षेत्र में जगह-जगह 500 से अधिक भंडारे चल रहे हैं जहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन और प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए अन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र में सबसे बड़ी रसोई सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन (अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ) का है जहां तीन ऑटोमैटिक मशीनों पर एक घंटे में चालीस हजार रोटियां बन रही हैं।

रसोई के असिस्टेंट इंचार्ज राधाकुंड दास ने बताया कि यहां आटा गूंथने, सब्जी काटने आदि की मशीनों के साथ ही 100 से अधिक लोग महाप्रसाद बना रहे हैं। इस्कॉन का ही एक मेगा किचन प्रयागराज जंक्शन के पास भी है। उद्योगपति गौतम अदाणी के सहयोग से दोनों किचन से प्रतिदिन डेढ़ लाख श्रद्धालुओं की भोजन सेवा की जा रही है। इस किचन में चावल, दाल, सब्जी आदि के बड़े-बड़े बर्तन एक से दूसरे जगह ले जाने के लिए ट्रेन की तरह ट्रैक बनाया गया है।



महाकुम्भ नगर स्थित ओम नमः शिवाय के शिविर में विशाल कड़ाहे में एक बार में बनती है 40 क्विंटल सब्जी। ●हिन्दुस्तान

ओम नमः शिवाय नाम से मेला क्षेत्र में सात स्थानों पर मंडारे

लाल महेन्द्र शिवशक्ति सेवा समिति आश्रम की ओर से ओम नमः शिवाय नाम से मेला क्षेत्र में सात स्थानों पर हजारों लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। खास बात यह है कि यहां दिन-रात 24 घंटे भोजन प्रसाद वितरण होता है। परेड मैदान स्थित किचन में तीन बड़े-बड़े कड़ाहे में सब्जी, कढ़ी आदि बनती है। सेवादार विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि एक शिविर में प्रतिदिन 13-14 क्विंटल आटा की खपत है। सबसे बड़े कड़ाहे में एक बार में 40 क्विंटल आलू, ढाई क्विंटल टमाटर से सब्जी बनती है। आलू छीलने-काटने, अदरक-मिर्च, पालक काटने, खड़े मसाले और टमाटर अदरक वगैरह पीसने की अलग-अलग मशीनें लगी है। गेंहू और चना मशीन से पीसकर यहीं आटा और बेसन बनाया जाता है।

विशाल चूल्हों पर बनता है प्रसाद

पुली सिस्टम से बड़े बर्तनों (भगौनों) को उठाकर प्लेटफॉर्म पर रखते हैं और फिर पटरी पर एक से दूसरी जगह ले जाया जाता है। मशीनें 15-20 मिनट में 50 किलोग्राम आटा गूंथ देती हैं। किचन में 15 लकड़ी से जलने वाले और 15 गैस से जलने वाले चूल्हे हैं। चार चूल्हों पर तो हर समय सिर्फ पानी गर्म होता रहता है और आवश्यकता के अनुसार तुरंत चावल पका लेते हैं। पूरियां हाथ से बनती हैं। श्रद्धालुओं को दाल, चावल, रोटी, दो तरह की सब्जी, पूरियां और मिठा में हलवा, लड्डू या खीर दिया जा रहा है। किचन में खाना बनाने की प्रक्रिया भोर में तीन बजे शुरू हो जाती है। सारी तैयारी करने के बाद दो शिफ्ट में सुबह पांच से आठ बजे और दोपहर एक से चार बजे तक खाना बनाया जाता है और सुबह नौ से शाम छह बजे तक भोजन वितरण होता है।



मशीनों से बन रहा हजारों का भोजन

सेक्टर छह स्थित अक्षयपात्र के शिविर में प्रतिदिन 20 हजार श्रद्धालुओं के भोजन का इंतजाम किया गया है। यहां अधिकतर काम मशीनों के जरिए हो रहा है। चावल बनाने के लिए खास कुकर है जिसमें एक समय में अधिकतम 110 किलोग्राम चावल चढ़ता है और पकने के बाद इसकी मात्रा 350 किलो के आसपास हो जाती है। दाल के कुकर में डेढ़ घंटे में 750 लीटर दाल और सब्जी के कुकर में 350 किलोग्राम सब्जी तैयार होती है। रोटी बनाने वाली मशीन से एक घंटे में दो हजार रोटियां बन रही हैं।



Hindustan • 22 Jan • Adani Group

Famous industrialists of the country reached Maha Kumbh

4 • PG | 910 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

prayagraj

महाकुम्भ नगर परिवार समेत पहुंचे देश के नामी उद्योगपति, गंगा मइया की आरती कर बड़े हनुमानजी का किया दर्शन-पूजन

महाकुम्भ की आभा देख सेवा-भक्ति में रमे अदाणी

अभिभूत

महाकुम्भ नगर, वरिष्ठ संवाददाता। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी मंगलवार को अपनी पत्नी, दो बेटों और बहू के साथ महाकुम्भ मेला क्षेत्र पहुंचे। संगम की रेती पर देश के अग्रणी उद्योगपतियों में शुमार गौतम अदाणी भक्ति और सेवा भाव में रमे दिखे। उन्होंने त्रिवेणी संगम पर परिवार सहित गंगा आरती की और भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी परोसा।

इस्कॉन के शिविर में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को परोसा भोजन

उन्होंने एक्स पर लिखा-अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृति यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गई है। कुंभ की भव्यता और दिव्यता संजीव बनाए रखने वाले सभी साधु-संत कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाईकर्मियों एवं सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं। दोपहर लगभग एक बजे गौतम अदाणी सपरिवार मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन के शिविर में पहुंचे। शिविर में विशालकाय हनुमानजी के स्वचालित प्रतिमा को प्रणाम कर अंदर भगवान जगन्नाथ के मंदिर में पहुंचे, यहां पूजा आरती कर भगवान का आशीष लिया। इस दौरान पूरा परिवार साथ रहा। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों का तांता लगा रहा, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था भी व्यापक की गई थी।

गीता पगोडा में दिया आरती संग्रह

हनुमान मंदिर से गीता पगोडा पहुंचकर उद्योगपति परिवार ने लोगों को अपने हाथों से आरती संग्रह दिया। हालांकि बहुत अधिक भीड़ होने के कारण यहां से चंद मिनट में ही परिवार निकल गया और शंकर विमान मंडपम पहुंचा। जहां पर भाजपा नेता राकेश शुक्ला और उनकी पत्नी प्रियंका शुक्ला ने अदाणी परिवार को शॉल भेंट किया। अधिक भीड़ हो गई थी, जिसके कारण परिवार के लोग मंदिर के अंदर नहीं गए, बाहर मंदिर के आचार्य ने उन्हें मंदिर के बारे में बताया।

उतारी मां गंगा की आरती भेंट किए अक्षयवट के पत्र


इस्कॉन के शिविर से निकलकर अदाणी परिवार वीआईपी घाट पहुंचा और गंगा मइया का पूजन कर आरती उतारी। गौतम अदाणी ने खुद पर और परिवर के अन्य सदस्यों पर गंगाजल छिड़का। इस दौरान दोनों बेटे करन और जीत भी साथ में रहे। यहां पर सेना के जवानों ने उन्हें अक्षयवट का पत्र भेंट स्वरूप दिया।

बड़े हनुमान मंदिर में किया दर्शन-पूजन


गंगा पूजन करने के बाद अदाणी परिवार बड़े हनुमान मंदिर पहुंचा। जहां पर पत्नी, बेटों, बहू और पोती के साथ दर्शन पूजन कर आरती उतारी। मंदिर के बाहर उन्होंने अदाणी समूह की ओर से वैन के जरिए जो भोजन परोसा जा रहा है, उसे अपने हाथों से लोगों को दिया और हाथ जोड़कर उनका अभिवादन भी किया।

पीएम और सीएम को दिया धन्यवाद

उद्योगपति गौतम अदाणी महाकुम्भ की दिव्यता, भव्यता और व्यवस्था से गदगद हुए। उन्होंने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को देश की जनता की ओर से धन्यवाद दिया। कहा कि यहां शासन से जो बंदोबस्त किए हैं वो एकदम अलौकिक है। कहा कि यहां जो व्यवस्थाएं कि गई हैं वो निश्चित तौर पर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और कॉरपोरेट जगत के लिए शोध का विषय है।



महाकुम्भ नगर में पहुंचे गौतम अदाणी और उनकी पत्नी प्रीति अदाणी ने इस्कॉन के शिविर में चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को अपने हाथों से भोजन परोसा और वहां की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। ● हिन्दुस्तान



महाकुम्भ नगर में मंगलवार को पहुंचे देश के नामी उद्योगपति गौतम अदाणी ने सपरिवार मां गंगा का पूजन और आरती की। ● हिन्दुस्तान

गौतम अदाणी ने खुद चलाया कलछा, पत्नी ने काटी गोभी

अन्नक्षेत्र (जहां भंडारे का भोजन प्रसाद तैयार किया जाता है) में पहुंचते ही गौतम अदाणी पहले नल पर पहुंचे और हाथ धुला। इसके बाद रसोई में पहुंचे और पूड़ी छानी। रसोई में बड़े-बड़े बर्तनों में सब्जी बनाई जा रही थी जिसमें कलछा भी चलाया। इसी दौरान उनकी पत्नी प्रीति अदाणी ने वहां बैठकर गोभी काटी। जिसके बाद अदाणी दंपती वहां पहुंचे जहां भोजन परोसा जा रहा था। यहां एक सामान्य श्रद्धालु की भांति पत्तल में खुद से भोजन परोसा और लेकर अंदर की ओर चले गए। उन्होंने सपत्नीक वही भोजन प्रसाद ग्रहण किया जो अदाणी समूह के सहयोग से आम श्रद्धालुओं को दिया जा रहा है। उन्होंने पत्नी के साथ आम श्रद्धालुओं को भोजन भी परोसा। खुद गौतम अदाणी लोगों को पूड़ी दे रहे थे, जबकि उनकी पत्नी प्रीति सोयाबीन की सब्जी थाली में परोस रही थीं। इस दौरान बड़े बेटे करन अपनी बेटी को गोद में लेकर एक ओर खड़े थे। इस शिविर में अदाणी परिवार लगभग 27 मिनट तक रहा।

Hindustan • 21 Jan • Adani Group

Udhyogpati Goutam Adani aaj Aayenge

7 • PG | 100 • Sqcm | 85248 • AVE | 1.53M • Cir | Middle Left

Chandigarh

उद्योगपति गौतम अदाणी आज आएंगे

प्रयागराज। उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुम्भ में पुण्य के भागीदार बनेंगे। वह महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज की यात्रा पर आ रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद बड़े हनुमानजी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है।

Hindustan • 21 Jan • Adani Group

Gautam Adani will perform Bhandara Seva in Mahakumbh today

13 • PG | 31 • Sqcm | 48814 • AVE | 1.35M • Cir | Top Right

Lucknow



महाकुम्भ में गौतम अदाणी आज करेंगे भंडारा सेवा

प्रयागराज। उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को महाकुम्भ में पुण्य के भागीदार बनेंगे। वह महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज की यात्रा पर आ रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह इस्कॉन पंडाल में भंडारा सेवा करेंगे। इसके साथ-साथ त्रिवेणी में पूजा-अर्चना के बाद बड़े हनुमानजी के दर्शन करेंगे। अदाणी समूह इस वर्ष इस्कॉन और गीता प्रेस के साथ मिलकर महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में लगा हुआ है। इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण कर रहा है।

Hindustan • 16 Jan • Adani Group

Mahakumbh is attracting billionaires

1 • PG | 194 • Sqcm | 193706 • AVE | 668.06K • Cir | Top Right
Varanasi

आकर्षण | स्टीवन जॉब्स की पत्नी लॉरेन जॉब्स ने चार दिन तक किया प्रवास, निःशुल्क गीता और भोजन वितरण में मदद कर रहे अदाणी

खरबपतियों को मोह रही महाकुम्भ की आभा

■ संजोग मिश्र

महाकुम्भ नगर। शायद यह महाकुम्भ की आभा का प्रभाव है कि पूरी दुनिया में धन, यश और ऐश्वर्य का पर्याय बने खरबपति भी इससे दूर नहीं रह पा रहे हैं। इन खरबपतियों में कोई यहां आकर पुण्य बंटोर रहा तो कोई संतों-श्रद्धालुओं की सेवा कर अपना जीवन धन्य मान रहा है।

इसी क्रम में 22-23 जनवरी को जहां नवीन जिंदल का परिवार भारतीय धर्म संघ के शिविर में आने वाला है वहीं हिंदुजा परिवार मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान देखने आएगा। विश्व के खरबपतियों के महाकुम्भ के प्रति आकर्षण और सनातन में आस्था पर प्रस्तुत है यह रिपोर्ट...

मुकेश अंबानी बनवा रहे 'कैम्पा-आश्रम'

उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी महाकुम्भ में 'कैम्पा आश्रम' बनाने जा रही है। इन विश्राम स्थलों में श्रद्धालु आराम करने के साथ जलपान भी कर सकेंगे। रिलायंस कुम्भ क्षेत्र में तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए स्पष्ट और आसानी से पढ़े जाने वाले साइनेज और दिशासूचक बोर्ड भी लगा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागमों में से एक, महाकुम्भ में सेवाकार्य करने को कंपनी सौभाग्य मान रही है।

सनातन की शरण में लॉरेन जॉब्स

15.8 बिलियन डॉलर संपत्ति की मालकिन और एप्पल कंपनी के संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने महाकुम्भ में सर्वाधिक सुर्खियां बटोरी। महाकुम्भ नगर में निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में चार दिनों के प्रवास के दौरान लॉरेन आध्यात्मिक क्रियाकलापों शामिल रहीं और उन्होंने अपने गुरु से दीक्षा भी ली।

महाकुम्भ का विशेष स्थान : आनंद महिंद्रा

महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर महाकुम्भ से जुड़े अपने 48 साल पुराने अनुभव को साझा किया है। उन्होंने कहा है महाकुम्भ के लिए उनके दिल में विशेष स्थान है। आनंद महिंद्रा ने साल 1977 में महाकुम्भ में अपनी थीसिस फिल्म 'यात्रा' की शूटिंग की थी। उन्होंने कहा है कि कुम्भ में शामिल होने वालों की संख्या देखकर दिमाग चकरा जाता है।

निःशुल्क भोजन वितरण में मदद कर रहे अदाणी

गौतम अदाणी इस महाकुम्भ में गीता प्रेस गोरखपुर के सहयोग से आरती संग्रह की प्रतियां निःशुल्क बंटवा रहे हैं। इस्कॉन के सहयोग से मेला क्षेत्र में 50 लाख श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा है- 'कुंभ सेवा का एक पवित्र स्थान है, जहां हर भक्त भगवान की सेवा में शामिल होता है।' अदाणी समूह की ओर से सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन शिविर में 40 गोल्फ कार्ट निःशुल्क दी गई है, जिससे लम्बी दूरी तक पैदल चलने में असमर्थ लोगों को संगम तक पहुंचने में आसानी रहे।

Deshbandhu • 24 Jan • Adani Group

Mahakumbh mele mein Gautam Adani ne kiya mahaprasad vitran

9 • PG | 163 • Sqcm | 137142 • AVE | 325.52K • Cir | Middle Center
Delhi

महाकुंभ मेले में गौतम अडाणी ने किया महाप्रसाद वितरण



महाकुंभ नगर, 23 जनवरी (देशबन्धु)। प्रयागराज में 13 जनवरी से आरंभ हुए अमृत स्नान में अब तक करोड़ों श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। इस महाकुंभ में भारत के जाने-माने उद्योगपति गौतम अडाणी भी संगम स्नान के लिए परिवार सहित पहुंचे। अपनी इस एकदिवसीय महाकुंभ यात्रा में उन्होंने मां गंगा का आशीर्वाद लिया और परिवार सहित वीआईपी घाट पर पूजा-अर्चना की। गौरतलब है कि इस महाकुंभ में आने वाले करोड़ों तीर्थयात्रियों के लिए भोजन वितरण सेवा के लिए इस्कॉन व अडाणी ग्रुप ने जो योगदान दिया था, उसका जायजा लेने वे 21 जनवरी को स्वयं महाकुंभ में पहुंचे।

अपने परिवार सहित उन्होंने वहां स्थित एक कैंप में लाखों श्रद्धालुओं को अपने हाथों से महाप्रसाद वितरित किया और हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। उनकी इस विनम्रता ने श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। इसके बाद उन्होंने भक्तों के साथ हरिनाम संकीर्तन भी किया।

Khabre Aaj Tak • 24 Jan • Adani Group • Adani Energy Solutions Ltd. (AESL)

Good news for Adani Group, got a big order of Rs 25,000 crore

10 • PG | 106 • Sqcm | 10560 • AVE | 375K • Cir | Bottom Right

Mumbai

अडानी ग्रुप के लिए आई खुशखबरी, मिला 25,000 करोड़ का बड़ा ऑर्डर

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के प्रमुख उद्योगपतियों में से एक गौतम अडानी मंगलवार को महाकुंभ में पहुंचे, जहां पर उन्होंने लोगों को खुद अपने हाथों से बनाकर खाना परोसा। इसी दिन अडानी ग्रुप के लिए एक खुशखबरी आई। अडानी समूह की कंपनी अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को 25,000 करोड़ रुपए मूल्य की भादला-फतेहपुर एचवीडीसी परियोजना मिल गई है। यह कंपनी को मिला अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। एईएसएल ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह इस परियोजना के जरिए राजस्थान से छह गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा को उत्तरी भारत के विभिन्न केंद्रों तक पहुंचाने का काम करेगी। कंपनी ने कहा कि राजस्थान के भादला और उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के बीच प्रस्तावित यह परियोजना मिलने के साथ उसकी ऑर्डरबुक बढ़कर 54,761 करोड़ रुपए हो गई है। अडानी ग्रुप की कंपनी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। कंपनी ने इस परियोजना को साढ़े चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा है। एईएसएल ने यह परियोजना शुल्क-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (टीबीसीबी) के तहत हासिल की। हालांकि कंपनी यह डील 20 जनवरी 2025 को ही कंपनी को मिल गई थी लेकिन कंपनी ने आज इसके बारे में शेयर मार्केट में जानकारी दी।



Khabre Aaj Tak • 23 Jan • Adani Group • Adani Energy Solutions Ltd. (AESL)

Good news for Adani Group, got a big order of Rs 25,000 crore

10 • PG | 64 • Sqcm | 6440 • AVE | 375K • Cir | Top Right

Mumbai

अडानी ग्रुप के लिए आई खुशखबरी, मिला 25,000 करोड़ का बड़ा ऑर्डर



नई दिल्ली, एजेंसी। देश के प्रमुख उद्योगपतियों में से एक गौतम अडानी मंगलवार को महाकुंभ में पहुंचे, जहां पर उन्होंने लोगों को खुद अपने हाथों से बनाकर खाना परोसा। इसी दिन अडानी ग्रुप के लिए एक खुशखबरी आई। अडानी समूह की कंपनी अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को 25,000 करोड़ रुपए मूल्य की भादला-फतेहपुर एचवीडीसी परियोजना मिल गई है। यह कंपनी को मिला अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। एईएसएल ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह इस परियोजना के जरिए राजस्थान से छह गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा को उत्तरी भारत के विभिन्न केंद्रों तक पहुंचाने का काम करेगी। कंपनी ने कहा कि राजस्थान के भादला और उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के बीच प्रस्तावित यह परियोजना मिलने के साथ उसकी ऑर्डरबुक बढ़कर 54,761 करोड़ रुपए हो गई है।

Dainik Bhaskar • 24 Jan • Adani Group

Maha Kumbh: The amazing form of Adani family seen in Maha Prasad kitchen

7 • PG | 153 • Sqcm | 15306 • AVE | N/A • Cir | Middle Right
Mumbai

महाकुम्भ : महाप्रसाद रसोई में दिखा अदाणी परिवार का अद्भुत रूप



प्रयागराज| महाकुम्भ के भव्य आयोजन में जब श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे थे, तब सेक्टर 19 स्थित इस्कॉन पंडाल में 21 जनवरी को एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। इस्कॉन के विशाल रसोईघर में हाथों से मटर की फलियां छीलती डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू और नन्हीं पोती के साथ बैठी थीं।

इस्कॉन रसोई में सेवा करने वाली महिलाओं की टोली जुटी हुई थी, इस बीच डॉ. प्रीति अदाणी और उनकी बहू परिधि अदाणी उनके बीच पहुंचती हैं और मुस्काते हुए साथ ही सेवा करना शुरू कर देती हैं। इस सबके बीच उनकी पोती भी गोद में बैठकर मटर छीलने की कोशिश करती दिखी। अपनी मां, पत्नी और बेटी को पास ही खड़े गौतम अदाणी के बेटे करण अदाणी भी तल्लीनता से यह सब देख रहे थे। इसके बाद डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू के साथ उस जगह पर पहुंचीं जहां पर रोटी बनाने का काम चल रहा था। वहां पहुंचते ही सास-बहू की जोड़ी जमीन पर बैठ गई और रोटियों पर घी लगाने का काम करने लगीं। रोटी मेकिंग मशीन से रोटी बनकर जैसे ही बाहर आती, डॉ. प्रीति अदाणी और परिधि अदाणी फौरन उन रोटियों में घी लगाकर श्रद्धालुओं को परोसने के लिए आगे बढ़ा देतें। 21 जनवरी 2025 को गौतम अदाणी सपरिवार महाकुंभ स्थल प्रयागराज आए हुए थे। इस मौके पर उन्होंने इस्कान में प्रसाद सेवा, पवित्र संगम में स्नान एवं पूजा-अर्चना और बड़े हनुमान जी के दर्शन किए।

Dainik Bhaskar • 22 Jan • Adani Group

Adani said- my son's wedding will be simple

22 • PG | 115 • Sqcm | 663857 • AVE | 2.34M • Cir | Middle Left
Jaipur

अदाणी बोले- बेटे की शादी साधारण तरीके से होगी

प्रयागराज | उद्योगपति गौतम अदाणी ने बेटे जीत की होने वाली शादी को लेकर कहा कि यह शादी भव्य नहीं होगी। प्रयागराज महाकुम्भ में अदाणी ने कहा कि शादी 7 फरवरी को अहमदाबाद में एक निजी समारोह के रूप में होगी। जब पूछा गया कि क्या यह शादी 'सेलिब्रिटीज का महाकुम्भ' होगी, तो उन्होंने कहा, 'बिल्कुल नहीं!' गंगा आरती के बाद अदाणी मीडिया से चर्चा कर रहे थे। खबरें थीं कि जीत और सूरत के डायमंड व्यापारी जयमिन शाह की बेटी दीवा की शादी में दुनिया भर के सितारे शामिल होंगे।



महाकुम्भ में महंत से आशीर्वाद लेते हुए जीत अदाणी।

परिवार के साथ महाकुम्भ दर्शन

उद्योगपति गौतम अदाणी गंगलवार को पत्नी प्रीति, बेटे करण और जीत, बहू पारिधि और पोती कावेरी के साथ महाकुम्भ में पहुंचे। अदाणी परिवार ने दर्शन के बाद पूजा की और इस्कॉन के कैंप में महाप्रसाद बांटा।

Dainik Bhaskar • 22 Jan • Adani Group

Son's marriage will take place in a simple manner: Adani

20 • PG | 2029 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

Patna

बेटे की शादी साधारण तरीके से होगी : अदाणी

प्रयागराज| उद्योगपति गौतम अदाणी ने बेटे जीत की होने वाली शादी को लेकर कहा कि यह शादी भव्य नहीं होगी। प्रयागराज महाकुम्भ में अदाणी ने कहा कि शादी 7 फरवरी को अहमदाबाद में एक निजी समारोह के रूप में होगी। जब पूछा गया कि क्या यह शादी 'सेलिब्रिटीज का महाकुम्भ' होगी, तो उन्होंने कहा, 'बिल्कुल नहीं!' गंगा आरती के बाद अदाणी मीडिया से चर्चा कर रहे थे। खबरें थीं कि जीत और सूरत के डायमंड व्यापारी जयमिन शाह की बेटी दीवा की शादी में दुनिया भर के सितारे शामिल होंगे। अदाणी गंगलवार को पत्नी प्रीति , बेटे करण व जीत, बहू और पोती के साथ महाकुम्भ में पहुंचे।

Dainik Bhaskar • 22 Jan • Adani Group
Adani made public the news of his younger son's marriage
17 • PG | 1432 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top
Patna

अदाणी ने गंगा पूजन कर सार्वजनिक की छोटे बेटे के विवाह की सूचना

जासं, महाकुंभ नगर : जाने-माने उद्योगपति और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी मंगलवार को सपरिवार पुण्य दर्शन के लिए महाकुंभ पहुंचे और मां गंगा की पूजा-अर्चना की। अदाणी यहां पत्नी अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डा. प्रीति अदाणी, बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और पोतियां व छोटे बेटे जीत अदाणी साथ पहुंचे और दर्शन पूजन के बाद बेटे जीत के विवाह तिथि की जानकारी भी सार्वजनिक की। जीत की शादी सूरत के बड़े हीरा कारोबारियों में एक जैमिन शाह की बेटी दिवा जैमिन शाह से तय है। सगाई हो चुकी है और विवाह सात फरवरी को होगा। महाकुंभ पहुंचे अदाणी ने इस्कान के शिविर में प्रसाद बनवाने और उसे श्रद्धालुओं में वितरित कराने में सहयोग



प्रयागराज के महाकुंभ मेले में आए उद्योग पति गौतम अदाणी परिवार के सदस्यों के साथ मंगलवार को स्नान के बाद गंगा की आरती करते हुए। ● जागरण

किया। बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर व श्री आदिशंकर विमान मंडपम भी गए और दर्शन-पूजन किया। महाकुंभ को लेकर उनकी टिप्पणी थी, अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक...। प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां मां गंगा की गोद में समाहित हो गई हैं।

Dainik Bhaskar • 22 Jan • Adani Group

Adani said- Son's marriage will be held in a simple and traditional

1 • PG 286 • Sqcm 0 • AVE N/A • Cir Top

Surat

दैनिक भास्कर सूरत 22-01-2025

सूरत के डायमंड व्यापारी जयमिन शाह की बेटी से होगी जीत की शादी

अदाणी बोले- बेटे की शादी 7 फरवरी को साधारण और पारंपरिक तरीके से होगी

भास्कर न्यूज | प्रयागराज

उद्योगपति गौतम अदाणी ने बेटे जीत की होने वाली शादी को लेकर उड़ रही अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा कि यह शादी भव्य नहीं होगी। प्रयागराज महाकुम्भ में अदाणी ने कहा कि शादी 7 फरवरी को अहमदाबाद में एक निजी समारोह के रूप में होगी। जब पूछा गया कि क्या यह शादी 'सेलिब्रिटीज का महाकुम्भ' होगी।

इस पर उन्होंने कहा, 'बिल्कुल नहीं!' शादी एक साधारण और पारंपरिक पारिवारिक आयोजन होगी।' ऐसी खबरें थीं कि जीत अदाणी और सूरत के डायमंड व्यापारी जयमिन शाह की बेटी दीवा शाह की शादी में दुनिया भर के सितारे शामिल होंगे।



परिवार के साथ महाकुम्भ में आए

महाकुम्भ मेले में गौतम अदाणी के साथ पत्नी डॉ. प्रीति अदाणी, बेटे करण और जीत, बहू पारिधि और पोती कावेरी भी आई हैं। अदाणी परिवार ने लेटे हनुमान मंदिर में पूजा की और इस्कॉन में महाप्रसाद सेवा में भाग लिया। यहां अदाणी एक लाख मुफ्त भोजन वितरण में मदद कर रहे हैं।

Dainik Bhaskar • 13 Jan • Adani Group

Adani Group and ISKCON together will start Mahaprasad service in Mahakumbh

14 • PG | 118 • Sqcm | 11794 • AVE | N/A • Cir | Middle Right

Mumbai



महाकुम्भ में अदाणी ग्रुप और इस्कॉन मिलकर शुरू करेंगे महाप्रसाद सेवा

अहमदाबाद। विश्वविख्यात प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को सेवा भाव से संपन्न कराने के लिए अदाणी समूह और इस्कॉन ने हाथ मिलाया है। महाकुम्भ में अदाणी समूह, इस्कॉन के साथ जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहा है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इस्कॉन गवर्निंग बॉडी कमीशन के चेयरमैन गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात की। महाकुम्भ में महाप्रसाद सेवा में इस्कॉन के सहयोग देने पर गौतम अदाणी ने कहा, यह मेरा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में हम इस्कॉन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद सेवा आरंभ कर रहे हैं, जिसमें मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों लोगों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। महाकुम्भ मेले में महाप्रसाद सेवा के संदर्भ में इस्कॉन गवर्निंग बॉडी कमीशन के चेयरमैन, गुरु प्रसाद स्वामी ने कहा, अदाणी समूह हमेशा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी और सामाजिक सेवा का एक शानदार उदाहरण रहा है। महाकुम्भ में 50 लाख श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद सेवा का संचालन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक किया जाएगा। इस्कॉन ने मेला क्षेत्र और उसके बाहर महाप्रसाद बनाने के लिए दो किचन तैयार किए गए हैं और महाकुम्भ क्षेत्र में 40 स्थानों पर महाप्रसाद सेवा श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगी। 2 हजार 500 वालंटियर इस सेवा में अपना योगदान देंगे। श्रद्धालुओं के बीच गीता सार की 5 लाख प्रतियां भी वितरित की जाएंगी।

अदाणी और गीता प्रेस मिलकर करेंगे सनातन साहित्य सेवा

महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं के बीच गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियों के निःशुल्क वितरण हेतु अदाणी समूह और गीताप्रेस ने सहयोग का निर्णय किया है। भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार के उद्देश्य के प्रति समर्पित प्रतिष्ठित संस्था गीताप्रेस के पदाधिकारियों और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की मुलाकात हुई। ये भेंट अदाणी समूह के अहमदाबाद कार्यालय में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर गौतम अदाणी ने कहा कि महाकुम्भ भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था का महायज्ञ है। आज सनातन साहित्य के माध्यम से 100 वर्षों से राष्ट्र की सेवा कर रहे गीता प्रेस के सम्मानित पदाधिकारियों से मिलकर प्रेरणा प्राप्त हुई।

Samagya • 24 Jan • Adani Group

The mother-in-law and daughter-in-law of the Adani family showed their amazing form in Mahaprasad ki...

4 • PG | 52 • Sqcm | 7322 • AVE | 100K • Cir | Middle Right

Kolkata

महाप्रसाद रसोई में अदाणी परिवार की सास-बहू का दिखा अद्भुत रूप

प्रयागराज/कोलकाता, समाज्ञा : महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज में इस्कॉन पंडाल में अदाणी परिवार का सेवा भाव देखने को मिला। गौतम अदाणी की पत्नी डॉ. प्रीति अदाणी अपनी बहू परिधि अदाणी और नन्ही पोती के साथ इस्कॉन की रसोई में सेवा करती नजर आईं। मटर छीलने से लेकर रोटियों पर घी लगाने तक, सास-बहू ने जमीन पर बैठकर पूरे समर्पण के साथ श्रद्धालुओं के लिए कार्य किया। इस्कॉन रसोई में महिलाओं की टोली के साथ काम करते हुए डॉ. प्रीति अदाणी और परिधि अदाणी ने सहजता से सेवा भावना का उदाहरण पेश किया। उनकी नन्ही पोती भी उनके साथ इस कार्य में शामिल होती दिखी। वहीं, करण अदाणी अपनी मां, पत्नी और बेटी को गर्व भरी निगाहों से देख रहे थे। महाकुंभ के इस पावन अवसर पर अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद और गीता प्रेस के साथ 1 करोड़ आरती संग्रह वितरण का संकल्प लिया है। यह प्रेरणादायक पहल कुंभनगरी में अदाणी परिवार की सेवा भावना और समर्पण को रेखांकित करती है।

Samagya • 22 Jan • Adani Group • Adani Foundation

Adani Group is committed to investing in UP

6 • PG | 108 • Sqcm | 15078 • AVE | 100K • Cir | Middle Right

Kolkata

अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध: गौतम अदाणी



अडाणी समूह महाकुंभ में गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित एक करोड़ आरती संग्रह पुस्तिका निःशुल्क भक्तों को वितरित करेगा। इसी सिलसिले में देवी दयाल अग्रवाल अपनी टीम के साथ लखनऊ से अहमदाबाद पहुंचे। अहमदाबाद में गीता प्रेस के ट्रस्टी, गौतम अडाणी से मिले। अदाणी समूह की ओर से आरती संग्रह पुस्तिका का आर्डर कुछ दिनों पहले दिया गया था। ये आर्डर देने से पहले अडाणी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने गीता प्रेस का दौरा भी किया था। बताया जा रहा है कि आरती संग्रह पुस्तिका के पीछे गौतम अडाणी का एक महाकुंभ को लेकर एक भावपूर्ण संदेश भी हो सकता है। गीता प्रेस के चार स्टॉल भी महाकुंभ मेले में लगे नजर आएंगे। महाकुंभ से जुड़ी कई पुस्तकें इन स्टॉल पर मिलेंगी।




देवी दयाल अग्रवाल अपनी टीम के साथ लखनऊ से अहमदाबाद पहुंचे। अहमदाबाद में गीता प्रेस के ट्रस्टी, गौतम अडाणी से मिले। अडाणी समूह की ओर से आरती संग्रह पुस्तिका का आर्डर कुछ दिनों पहले दिया गया था। ये आर्डर देने से पहले अडाणी समूह के प्रतिनिधिमंडल ने गीता प्रेस का दौरा भी किया था। बताया जा रहा है कि आरती संग्रह पुस्तिका के पीछे गौतम अडाणी का एक महाकुंभ को लेकर एक भावपूर्ण संदेश भी हो सकता है।

गीता प्रेस के 4 स्टॉल भी मेले में लगेंगे, इसमें महाकुंभ से जुड़ी कई पुस्तकें मिलेंगी

गीता प्रेस के ट्रस्टी से की मुलाकात

आरती संग्रह पुस्तिका के पीछे एक बड़ा संदेश



इस्कॉन के साथ करेंगे रसोई की सेवा, 1,800 लोग करेंगे व्यवस्था

उद्योगपति अडाणी महाकुंभ में हर दिन एक लाख श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन कराएंगे। भोजन में रोटी, दाल, चावल, सब्जी और मिठाई होगी। इसके लिए अडाणी ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) के साथ हाथ मिलाया है। डीएसए ग्राउंड के पास महारसोई बनाई जा रही है, जहां प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों के लिए भोजन बनाया जाएगा। यहां 1,800 लोगों को साफ-सफाई व व्यवस्था संचालन के लिए तैनात किया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन के पास इसका संचालन किया जाएगा। इससे जंक्शन आने-जाने वाले व खुशरोबाग में रुकने वाले लोगों को महाप्रसाद मिल सकेगा। गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर अडाणी ने पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि कुंभ सेवा की वो तपोभूमि है जहां हर हाथ स्वतः ही परमार्थ में जुट जाता है।


दिव्यांग, बुजुर्ग और बच्चों के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा भी देंगे

अडाणी ग्रुप महाकुंभ के दौरान दिव्यांग, बुजुर्ग और बच्चों के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा। गोल्फ कार्ट (जिसे वैकल्पिक रूप से गोल्फ बग्गी या गोल्फ कार के रूप में जाना जाता है) एक छोटा मोटर चालित वाहन है। इसे गोल्फ मैदान में गोल्फरों को आवागमन के लिए उपयोग में लाया जाता है।

इस्कॉन के साथ मिलकर बांटेंगे महाप्रसाद

उन्होंने लिखा कि यह मेरा सौभाग्य है कि महाकुंभ में हम इस्कॉन के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए 'महाप्रसाद सेवा' आरंभ कर रहे हैं, जिसमें मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों लोगों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अडाणी ने इस्कॉन के गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात की और एक फोटो भी पोस्ट की है। लिखा कि स्वामी जी से मिल कर सेवा के प्रति समर्पण की शक्ति को महसूस करने का अवसर प्राप्त हुआ। सच्चे अर्थों में सेवा ही राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च स्वरूप है। सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।

चर्चा का विषय बने 3 साल के संत श्रवण



मन्नत पूरी होने पर दंपती ने आश्रम में किया था दान

दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में वैसे तो संत और महात्माओं का आध्यात्मिक कुनबा जुट रहा है। इसमें एक ऐसे भी संत हैं जिनकी उम्र अभी केवल सादे 3 साल की है। उनका नाम है श्रवण पुरी। इन्हें संत का दर्जा जूना अखाड़े के बाबाओं ने अभी से दे दिया है। ऐसा इसलिए क्योंकि श्रवण पुरी के लक्षण साधु संन्यासियों के जैसे हैं। श्रवण जूना अखाड़े के अनुष्ठान में शामिल होते हैं और आरती करते हैं। भोजन के अलावा फल खाना पसंद करते हैं। वे गुरु भाइयों के साथ खेलते हैं। पापा मम्मी को याद करने के बजाए संतों के साथ तुतलाती भाषा में श्लोक, मंत्र बोलते हैं। पुरी को हरियाणा के फतेहाबाद स्थित थारसूल क्षेत्र के एक दंपती फरवरी 2021 में डेरा बाबा श्याम पुरी के आश्रम में दान कर गए थे।

सुविधा : भक्तों के लिए शुरू की 98 विशेष ट्रेनें



श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। अहमदाबाद डिवीजन रेलवे के पीआरओ अजय सोलंकी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए 98 विशेष ट्रेनें शुरू की गई हैं। उन्होंने बताया कि स्टेशनों पर आरपीएफ की टीमें तैनात की गई हैं, जो मार्गदर्शन और सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी।



यह सनातन के गौरव का महापर्व

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में आकाशवाणी के एफएम रेडियो चैनल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह मौजूद रहे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। योगी ने कहा कि महाकुंभ केवल आयोजन नहीं बल्कि सनातन के गौरव का महापर्व है। इसमें सनातन धर्म की गौरव व गरिमा को देखना है।

लोक परंपरा व लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाएंगे

योगी ने कहा कि सनातन के गौरव को आगे बढ़ाएंगे तो आमजन प्रसार भारती के साथ जुड़ेगा। लोक परंपरा व लोक संस्कृति को आम जन तक पहुंचाने सबसे पहले कोई माध्यम था तो वह आकाशवाणी था।

Hari Bhoomi • 10 Jan • Adani Group

Adani Group runs Mahaprasad Sewa in Kumbh

1 • PG | 74 • Sqcm | 44147 • AVE | 345.96K • Cir | Middle Left

Delhi

महाकुंभ में 'महाप्रसाद सेवा' चलाएगा अडाणी समूह

नई दिल्ली। अडाणी समूह और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने इस



साल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं को भोजन परोसने के लिए हाथ मिलाया है। 'महाप्रसाद सेवा' 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले की पूरी अवधि के दौरान की जाएगी। इसके लिए इस्कॉन जीबीसी के चेयरमैन गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात की।

Navodaya Times • 22 Jan • Adani Group

7 Feb ko hogi bete Jeet ki shadi: Adani

11 • PG | 465 • Sqcm | 162744 • AVE | 670.26K • Cir | Top Left
Delhi



प्रयागराज: महाकुंभ मेला में संगम पर परिवार के साथ पूजा करते अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी।

7 फरवरी को होगी बेटे जीत की शादी : अडानी

प्रयागराज : अरबपति कारोबारी गौतम अडानी के छोटे बेटे जीत का विवाह सात फरवरी में एक सादे और पारंपरिक समारोह में किया जाएगा। महाकुंभ में गंगा स्नान करने अपने परिवार के साथ मंगलवार को आए अडानी ने अपने बेटे जीत की शादी सूरत के हीरा व्यापारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शाह से किए जाने पर संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा, "मेरा लालन पालन आम लोगों की तरह हुआ है। मां गंगा के आशीर्वाद से जीत भी यहां है। यह विवाह एक सामान्य और पारंपरिक ढंग से होगा। उनके साथ उनकी पत्नी प्रीति अडानी, बेटे करन और जीत, बहू परिधि और पोती कावेरी भी साथ थी।"

पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह विवाह उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत के विवाह के बाद दूसरा सबसे सुर्खियों वाला विवाह होगा। अडानी के बेटे जीत (28) की दिवा से सगाई मार्च, 2023 में अहमदाबाद में एक निजी समारोह में हुई थी।

Navodaya Times • 22 Jan • Adani Group

Adani will more invest in UP

11 • PG | 334 • Sqcm | 116776 • AVE | 670.26K • Cir | Top Center
Delhi

'अडानी समूह यूपी में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध'

महाकुंभ नगर, 21 जनवरी (एजेंसी): अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है।अपनी पत्नी प्रीति अडानी के साथ महाकुंभ में आए अडानी ने कहा, "उत्तर प्रदेश में भारी अवसर मौजूद हैं और प्रदेश सरकार विकास को लेकर जिस दिशा में काम कर रही है, उसमें अडानी समूह का निरंतर योगदान रहेगा।

अडानी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है।" महाकुंभ के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, "यहां की भव्यता और व्यवस्था के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देशवासियों की तरफ से धन्यवाद देता हूं।" उन्होंने कहा, "इस मेले में करोड़ों लोग आते हैं और यहां सफाई और

■ यहां सफाई व्यवस्थाएं औद्योगिक घराने के लिए शोध का विषय

अन्य व्यवस्थाएं प्रबंधन संस्थान और औद्योगिक घराने के लिए शोध का विषय है। यहां आकर बहुत अद्भुत अनुभव हुआ।" कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि गौतम अडानी ने अपनी पत्नी और अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अडानी के साथ गंगा में स्नान किया और पूजा अर्चना की।

वे गंगा तट पर स्थित शंकर विमानमंडपम मंदिर भी गए। उल्लेखनीय है कि अदाणी समूह ने महाकुंभ मेले में प्रसाद वितरण के लिए इस्कॉन के साथ गठबंधन कर रखा है और गौतम अडानी प्रसाद वितरण सेवा में शामिल होने के लिए प्रयागराज आए थे।

Veer Arjun • 22 Jan • Adani Group

Adani Group UP mein adhik se adhik nivesh ke liye pratibadh

11 • PG | 145 • Sqcm | 10869 • AVE | 60K • Cir | Top Center
Delhi

अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध : गौतम अदाणी

महाकुम्भ नगर, (भाषा)। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी पत्नी प्रीति अदाणी के साथ में महाकुम्भ आए अदाणी ने कहा, उत्तर प्रदेश में कई अवसर मौजूद हैं और प्रदेश सरकार विकास को लेकर जिस दिशा में काम कर रही है उसमें अदाणी समूह का निरंतर योगदान रहेगा। अदाणी समूह उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुम्भ के अनुभव के बारे में उन्होंने कहा, यहां की भव्यता तथा व्यवस्था के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देशवासियों की तरफ से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, इस मेले में करोड़ों लोग आते हैं और यहां सफाई तथा अन्य व्यवस्थाएं प्रबंधन संस्थान और औद्योगिक घराने के लिए शोध का विषय है। यहां आकर बेहद अद्भुत महसूस हुआ। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि गौतम अदाणी ने अपनी पत्नी और अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी के साथ गंगा में स्नान किया और पूजा अर्चना की।

Ajit Samachar • 22 Jan • Adani Group

Prayagraj main Udhyogpati Gautam Adani pariwaar sahit sangam tat par pooja atchana karte huye

10 • PG | 177 • Sqcm | 26583 • AVE | 177.4K • Cir | Middle Center

Chandigarh



प्रयागराज में उद्योगपति गौतम अडानी परिवार सहित संगम तट पर पूजा-अर्चना करते हुए।

Ang Bharat • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

1 • PG | 642 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

Bihar

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले- अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक!

प्रयागराज,अंगभारत। दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने



पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज़ का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12:30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया।

उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा ह्लअद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।ह्व उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के पंडाल गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया। बता दें कि गौतम अदाणी ने गीता प्रेस के साथ मिल कर 1 करोड़ आरती संग्रह वितरित करने और इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को खाना खिलाने का संकल्प लिया है।

Abhibarta • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

1 • PG	834 • Sqcm	0 • AVE	N/A • Cir	Top

Bihar

गाजियाबाद, बुधवार, 22 जनवरी 2025

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले - अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक!





अभी वार्ता ब्यूरो

रांची। दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे।

इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान जी के किए दर्शन

गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12:30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया।

उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की।

उन्होंने कहा ह्लअद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।ह्व

उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के पंडाल गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया। बता दें कि गौतम अदाणी ने गीता प्रेस के साथ मिल कर 1 करोड़ आरती संग्रह वितरित करने और इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को खाना खिलाने का संकल्प लिया है।

फैक्ट फाइल

- मंगलवार को सुबह गौतम अदाणी पहुंचे प्रयागराज
- दोपहर 12.30 की इस्कॉन में ग्रहण किया प्रासा और की प्रसाद सेवा
- दोपहर बाद 1.20 वह संगम घाट पहुंचे, जहां से नाव उन्हें लेकर संगम स्थल तक गई
- तकरीबन 2 बजे वह बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना की
- उसके उपरांत तकरीबन 2.30 पर गीता प्रेस के स्टॉल पर पहुंचे जहां पर गीता प्रेस के आरती संग्रह का वितरण किया।
- उसके बाद उन्होंने श्री शंकराचार्य मंदिर विमान मंडप के दर्शन करने के उपरांत अहमदाबाद चले गए।

Jansandesh time • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

3 • PG | 350 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

prayagraj

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ



जनसंदेश न्यूज

प्रयागराज। उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं।

उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज का महाकुंभ होगा।

इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

Rajasthan Patrika • 22 Jan • Adani Group

Maha Kumbh: Industrialist Adani distributed prasad along with his wife

22 • PG | 946 • Sqcm | 0 • AVE | 2.21M • Cir | Top

Jaipur

महाकुंभ : उद्योगपति अदाणी ने पत्नी संग किया प्रसादी वितरण



प्रयागराज @ पत्रिका. अदाणी समूह के मालिक गौतम अदाणी ने पत्नी प्रीति अदाणी के साथ मंगलवार को महाकुंभ में इस्कॉन मंदिर के शिविर में प्रसाद वितरित किया और बनाने में भी हाथ बंटाया।

Rajasthan Patrika • 22 Jan • Adani Group

Gautam cook mahaprasadi in Mahakumbh

5 • PG | 440 • Sqcm | 617666 • AVE | 17.28K • Cir | Middle Right
Delhi

गौतम अदाणी ने महाकुंभ में बनाई महाप्रसादी



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

महाकुंभनगर. अदाणी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज में 'महाकुंभ 2025' के आयोजन में पहुंचे। इस दौरान गौतम अदाणी ने महाकुंभ मेला में इस्कॉन मंदिर के शिविर का दौरा किया। इस दौरान उनकी पत्नी प्रीति अदाणी भी मौजूद रहीं। स्वागत के बाद गौतम अदाणी को महाप्रसाद बनाते हुए देखा गया। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ इस्कॉन मंदिर के शिविर में लोगों को महाप्रसाद वितरित किया। उसके बाद गौतम अदाणी ने पत्नी प्रीति अदाणी के साथ 'संगम घाट' पर पूजा-अर्चना की। वहीं, बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया।

गौतम अदाणी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं प्रयागराज की धरती पर आया हूं और यहां आना अद्भुत अनुभव रहा है। यहां के अनुभव को शब्दों में नहीं बताया जा सकता है। महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता अवर्णनीय है। मैं सभी भारतीयों की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ को दिल से धन्यवाद देता हूं। मैं इतनी बड़ी संख्या में आगंतुकों के प्रबंधन के लिए उत्तर प्रदेश प्रशासन, विशेष रूप से पुलिसकर्मियों और स्वच्छता कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं। जिस तरह से यहां व्यवस्थाएं की गई हैं, वह वाकई प्रबंधन संस्थानों और कॉरपोरेट घरानों के लिए अध्ययन का विषय है। मेरे लिए मां गंगा के आशीर्वाद से बढ़कर कुछ नहीं है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश की 25-27 करोड़ की आबादी है। उत्तर प्रदेश सरकार विकास की दिशा में काम कर रही है।

Ek Sandesh • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family,

1 • PG | 1112 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

prayagraj

गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले - अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक

प्रयागराज महाकुंभ , संवाददाता। दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं।

- ***मंगलवार को सुबह गौतम अदाणी पहुंचे प्रयागराज***
- ***दोपहर 12.30 की इस्कॉन में ग्रहण किया प्रासा और की प्रसाद सेवा***
- ***दोपहर बाद 1.20 वह संगम घाट पहुंचे, जहां से नाव उन्हें लेकर संगम स्थल तक गई***



उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज़ का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा। गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12:30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा ÷अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।÷ उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के पंडाल गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया। बता दें कि गौतम अदाणी ने गीता प्रेस के साथ मिल कर 1 करोड़ आरती संग्रह वितरित करने और इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को खाना खिलाने का संकल्प लिया है।

Ek Sandesh • 22 Jan • Adani Group

Businessman Adani did Bhandara in Mahakumbh

1 • PG | 745 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

Jharkhand

महाकुंभ में बिजनेसमैन अडाणी ने किया भंडारा

पत्नी के साथ संगम की आरती उतारी



प्रयागराज: महाकुंभ का मंगलवार को 9वां दिन है। बिजनेसमैन गौतम अडाणी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ महाकुंभ पहुंचे। वह यहां करीब डेढ़ घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने बड़े हनुमान की पूजा की, फिर संगम की आरती की। इसके बाद अडाणी इस्कॉन की रसोई में गए और वहां भंडारे का भोजन बनाया। फिर लोगों को खाना परोसा और खुद भी भंडारे में भोजन किया। अभिनेता अनुपम खेर भी महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने कहा- मैं बहुत खुश हूं कि इस समारोह में आया हूं। जिस तरह से यहां आयोजन हुआ है, एक सुरक्षित वातावरण है। इसका श्रेय प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। मैं सबके लिए प्रार्थना करूंगा। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी आज पत्नी और मंत्री नंदी के साथ संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि योगीजी ने बहुत बढ़िया व्यवस्था की है। आज अभी तक 27.41 लाख लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इस तरह 9 दिन में 9 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। 1 फरवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, 5 फरवरी को पीएम मोदी और 10 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकुंभ आएंगी।

Ek Sandesh • 11 Jan • Adani Group

Adani Group will participate in the religious propaganda

4 • PG | 817 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top
Delhi

गीताप्रेस के धर्म प्रचार के कार्यों में सहभाग करेगा अदाणी समूह

लखनऊ। सनातन धर्म,संस्कृति और अध्यात्म के व्यापक प्रचार, प्रसार के साथ साथ मानव सेवा करते हुए गीताप्रेस अपनी 100 वर्ष की यात्रा कर अब दूसरी शताब्दी की तैयारी के साथ आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा की दूसरी शताब्दी के आरम्भ में भी ऐसी पवित्र भावना के साथ कार्य करने वाले प्रत्येक समूह के प्रति गीताप्रेस अत्यंत आदर और सम्मान का भाव रखता है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अदाणी समूह के अध्यक्ष श्री गौतम अदाणी जी स्वयं सनातन संस्कृति की ऐसी ही सेवा का संकल्प लेकर इस सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा में शामिल हो चुके हैं। इससे सनातन को निश्चय ही शक्ति मिलेगी और भारतीय आध्यात्मिक चिंतन से जन सामान्य को जोड़ा जा सकेगा। गीताप्रेस को विश्वास है कि दीर्घकालिक सहयोग, समन्वय और आस्था के साथ सनातन धर्म के प्रचार, प्रसार और विश्वगुरु भारत के निर्माण में यह संकल्प ऊर्जादायी बनेगा। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी की गीताप्रेस ट्रस्ट बोर्ड



के साथ बैठक में सनातन धर्म, संस्कृति और अध्यात्म के प्रचार प्रसार पर व्यापक चर्चा की गई। अभी प्रयागराज कुंभ के माध्यम से अदाणी समूह ने एक करोड़ परिवारों तक गीता प्रेस से प्रकाशित आरती संग्रह पहुंचाने का संकल्प लिया है। गीताप्रेस से प्रकाशित होकर ये पुस्तकें शीघ्र कुंभ में पहुंचने वाली हैं। इस बैठक में गीताप्रेस की आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अहमदाबाद में अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के साथ हुई इस बैठक में सहभाग करने वाले महानुभावों में नील रतन चांदगोठिया जनरल सेक्रेटरी, गीताप्रेस ट्रस्ट बोर्ड, देवीदयाल अग्रवाल, ट्रस्टी, गीताप्रेस, रामनारायण चांडक ,सदस्य, गीतप्रेस ट्रस्ट बोर्ड, आचार्य (डॉ) लालमणि तिवारी जी प्रबंधक, गीताप्रेस और आचार्य संजय तिवारी अध्यक्ष, भारत संस्कृति न्यास एवं संपादक, संस्कृति पर्व विशेष रूप से अहमदाबाद में उपस्थित थे।

United Bharat • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

3 • PG	385 • Sqcm	0 • AVE	N/A • Cir	Top

prayagraj









गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक

युनाइटेड भारत

महाकुंभनगर। दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज का महाकुंभ होगा, इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही मनाएंगे के साथ संपन्न किया जाएगा।

इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान जी के किए दर्शन : गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12.30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियां पर घी लगाया और बटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा अद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मां गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के परिसर गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया। बता दें कि गौतम अदाणी ने गीता प्रेस के साथ मिल कर 1 करोड़ आरती संग्रह वितरित करने और इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को खाना खिलाने का संकल्प लिया है। उसके बाद उन्होंने श्री शंकराचार्य मंदिर विमान मंडप के दर्शन करने के उपरांत अहमदाबाद चले गए।

United Bharat • 11 Jan • Adani Group

Adani Group will participate in the religious propaganda

4 • PG | 589 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

Delhi

गीताप्रेस के धर्म प्रचार के कार्यों में सहभाग करेगा अदाणी समूह





अहमदाबाद, हिन्द मास्कर।

सनातन धर्म,संस्कृति और अध्यात्म के व्यापक प्रचार, प्रसार के साथ साथ मानव सेवा करते हुए गीताप्रेस अपनी 100 वर्ष की यात्रा कर अब दूसरी शताब्दी की तैयारी के साथ आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा की दूसरी शताब्दी के आरम्भ में भी ऐसी पवित्र भावना के साथ कार्य करने वाले प्रत्येक समूह के प्रति गीताप्रेस अत्यंत आदर और सम्मान का भाव रखता है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी स्वयं सनातन संस्कृति की ऐसी ही सेवा का संकल्प लेकर इस सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा में शामिल हो चुके हैं। इससे सनातन को निश्चय ही शक्ति मिलेगी और भारतीय आध्यात्मिक चिंतन से जन सामान्य को जोड़ा जा सकेगा। गीताप्रेस को विश्वास है कि दीर्घकालिक सहयोग, समन्वय और आस्था के साथ सनातन धर्म के प्रचार, प्रसार और विश्वगुरु भारत के निर्माण में यह संकल्प ऊजार्दायी बनेगा। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी की गीताप्रेस ट्रस्ट बोर्ड के साथ बैठक में सनातन धर्म , संस्कृति और अध्यात्म के प्रचार प्रसार पर व्यापक चर्चा की गई। अभी प्रयागराज कुंभ के माध्यम से अदाणी समूह ने एक करोड़ परिवारों तक गीता प्रेस से प्रकाशित आरती संग्रह पहुंचाने का संकल्प लिया है। गीताप्रेस से प्रकाशित होकर ये पुस्तकें शीघ्र कुंभ में पहुंचने वाली हैं। इस बैठक में गीताप्रेस की आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अहमदाबाद में अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के साथ हुई इस बैठक में सहभाग करने वाले महानुभावों में श्री नील रतन चांदगोठिया जनरल सेक्रेटरी, गीताप्रेस ट्रस्ट बोर्ड , श्री देवीदयाल अग्रवाल, ट्रस्टी, गीताप्रेस, श्री रामनारायण चांडक ,सदस्य, गीतप्रेस ट्रस्ट बोर्ड, आचार्य (डॉ) लालमणि तिवारी जीप्रबंधक, गीताप्रेस और आचार्य संजय तिवारी अध्यक्ष, भारत संस्कृति न्यास एवं संपादक, संस्कृति पर्व विशेष रूप से अहमदाबाद में उपस्थित रहें।

NavDunia • 22 Jan • Adani Group
Adani at Maha Kumbh

12 • PG | 356 • Sqcm | 322964 • AVE | 702.93K • Cir | Top Center

Bhopal

अदाणी ने महाकुंभ को बताया, अद्भुत, अलौकिक

आस्था ● उद्योगपति गौतम अदाणी ने गंगा पूजन कर सार्वजनिक की बेटे करण के विवाह की सूचना

नवदुनिया संवाददाता, महाकुंभ नगर : जाने-माने उद्योगपति और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी मंगलवार को सपरिवार पुण्य दर्शन के लिए महाकुंभ पहुंचे और मां गंगा की पूजा-अर्चना की। अदाणी यहां पत्नी अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डा. प्रीति अदाणी, बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और पोतियां व छोटे बेटे जीत अदाणी साथ पहुंचे और दर्शन पूजन के बाद बेटे जीत के विवाह तिथि की जानकारी भी सार्वजनिक की। जीत की शादी सूरत के बड़े हीरा कारोबारियों में एक जैमिन शाह की बेटी दिवा जैमिन शाह से तय है। सगाई हो चुकी है और विवाह सात फरवरी को होगा।

महाकुंभ पहुंचे अदाणी ने इस्कान के शिविर में प्रसाद बनवाने और उसे श्रद्धालुओं में वितरित कराने में सहयोग किया। बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर व श्री आदिशंकर विमान मंडपम भी गए और दर्शन-पूजन किया। महाकुंभ को लेकर उनकी टिप्पणी थी,- 'अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक...। प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां मां गंगा की गोद में समाहित हो गई हैं।' विवाह समारोह को लेकर किए गए सवाल-क्या शादी में सेलिब्रिटीज का महाकुंभ होगा, अदाणी ने कहा- "बिलकुल नहीं। मेरी कार्यशैली अलग है, सामान्य वर्ग की है। विवाह पारिवारिक लोगों की मौजूदगी में होगा और साधारण और परंपरागत ढंग से होगा।"

- सात फरवरी को सूरत के हीरा व्यवसायी जैमिन शाह की बेटी दिवा के साथ होगा विवाह
- शादी में सेलिब्रिटीज के सवाल पर अदाणी ने कहा-बिलकुल नहीं, साधारण ढंग से होगा विवाह



महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित इस्कान मंदिर के शिविर में भोजन प्रसाद वितरित करते उद्योगपति गौतम अदाणी साथ में पत्नी प्रीती अदाणी। ● गिरीश श्रीवास्तव

व्यवस्था के लिए योगी-मोदी का जताया आभार

संगम की छटा से अभिभूत गौतम अदाणी ने कहा, प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने वालों को यहां आकर कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने साधु-संतों, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को धन्यवाद देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने यूपी के विकास में योगदान को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

महाकुंभ की व्यवस्था से अभिभूत सुधा मूर्ति बोलीं- भगवान योगी को लंबी आयु दें

नवदुनिया संवाददाता, महाकुंभ नगर : तीर्थराज की धरा पर राज्यसभा सदस्य और इन्फोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुधा मूर्ति अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ को लेकर बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। भगवान उन्हें लंबी उम्र दें। एक समाचार एजेंसी से वार्ता में उन्होंने कहा कि मैं तीन दिन की मन्नत मानकर प्रयागराज आई हूं। सोमवार को स्नान किया था। मंगलवार को पुनः स्नान किया। इसका मुझे बहुत आनंद है। कर्नाटक से मेरे नाना जी, नानी जी, दादा जी यहां नहीं आ सके। इसी कारण मुझे उनके नाम का तर्पण करना है। मैंने उसका संकल्प लिया है, इसीलिए तीन दिन नहाकर तर्पण कर रही हूं।



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान मंगलवार को संगम तट पर राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति। ● पीटी



प्रख्यात कवि कुमार विश्वास ने मंगलवार को प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। ● पीटी



प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने स्वजन के साथ संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्त नंदी भी इस दौरान साथ थे। ● एएनआइ

Peoples Samachar • 22 Jan • Adani Group

Adani-ISKON start Green Clean Maha Kumbh

12 • PG | 1011 • Sqcm | 252712 • AVE | 430.94K • Cir | Top Center

Bhopal

अडाणी-इस्कॉन ने शुरू किया ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ, बनाई विशाल रसोई

रोज एक लाख श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण

पीपुल्स ब्यूरो • प्रयागराज

editor@peoplessamachar.co.in

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अडाणी ग्रुप इस्कॉन के साथ मिलकर आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। इसके साथ ही महाकुंभ में अडाणी ग्रुप ग्रीन एनर्जी और साफ-सुधरे वातारवरण के संकल्प को पूरा कर रहा है। अडाणी ग्रुप द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए अडाणी-इस्कॉन मिलकर लोकल दुकानदारों की भागीदारी से पूर्ण कर रहे



हैं। पूरी महाकुंभ सिटी में 3 विशाल रसोई हैं, जिसमें लोकल दुकानदारों से 450 क्विंटल सब्जी की खरीदारी होती है। खाना बनाते और परोसते वक्त प्लास्टिक या पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी तरह से वर्जित है।

प्रयागराज पहुंचे अडाणी, पूजा-अर्चना के बाद बांटा महाप्रसाद



इधर मंगलवार को अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम भी महाकुंभ में सपरिवार पहुंचे। उन्होंने यहां इस्कॉन के शिविर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने महाप्रसाद का वितरण अपने हाथों से किया। बता दें, अडाणी ग्रुप की महाप्रसाद सेवा 26 फरवरी तक चलेगी।

अब पहुंचेंगे वीवीआईपी

5 फरवरी को महाकुंभ का दौरा कर सकते हैं मोदी

इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 फरवरी को महाकुंभ मेले में दौरा करने की उम्मीद है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी महाकुंभ जाने वाली हैं। मोदी से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 जनवरी को महाकुंभ मेले में शामिल होने वाले हैं। उनके अलावा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी एक फरवरी को समारोह का हिस्सा बन सकते हैं। वहीं बुधवार 22 जनवरी को सीएम योगी आदित्यनाथ 54 मंत्रियों के साथ महाकुंभ में बैठक करेंगे।

Dainik Jagran • 22 Jan • Adani Group

Gautam Adani reached Mahakumbh with his family

6 • PG | 590 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

prayagraj



सपरिवार महाकुंभ पहुंचे गौतम अदाणी, साझा की छोटे बेटे के विवाह की जानकारी



- सात फरवरी को सूरत के हीरा व्यवसायी जैमिन शाह की बेटी दिवा के साथ बंधेंगे परिणय सूत्र में
- शादी में सेलिब्रिटीज के महाकुंभ के सवाल पर कहा-बिलकुल नहीं, साधारण ढंग से होगा विवाह

महाकुंभ मेले में आए उद्योग पति गौतम अदाणी परिवार के सदस्यों के साथ मंगलवार को स्नान के बाद गंगा की आरती करते हुए। जागरण



महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित इस्कान मंदिर के शिविर में मंगलवार को भोजन प्रसाद वितरित करते उद्योगपति गौतम अदाणी साथ में पत्नी प्रीती अदाणी। मिरीश श्रीवास्तव

जागरण संवाददाता, महाकुंभ नगर

प्रख्यात उद्योगपति व अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी मंगलवार को सपरिवार महाकुंभ पहुंचे और मां गंगा की पूजा-अर्चना की। अदाणी यहां पत्नी व अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डा. प्रीति, बेटे करण,बहू परिधि, छोटे बेटे जीत व पोतियों के साथ पहुंचे। दर्शन पूजन के बाद बेटे जीत के विवाह तिथि की जानकारी भी सार्वजनिक की। जीत की शादी सूरत के बड़े हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा से तय है। सगाई हो चुकी है,विवाह सात फरवरी को होगा। महाकुंभ पहुंचे अदाणी ने इस्कान के शिविर में प्रसाद बनवाने और उसे श्रद्धालुओं में वितरित कराने में सहयोग किया। बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर व श्री आदिशंकर विमान मंडपम भी गए और दर्शन-पूजन किया। महाकुंभ को लेकर उनकी टिप्पणी थी,- 'अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक...। प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां मां गंगा की गोद में समाहित हो गई हैं।'

विवाह समारोह को लेकर किए गए सवाल-क्या शादी में सेलिब्रिटीज का महाकुंभ होगा, अदाणी ने कहा,'बिलकुल चार्टर्ड विमान से प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद महाकुंभ क्षेत्र स्थित इस्कान के शिविर में पहुंचे। इस्कान के सहयोग से अदाणी समूह मेला क्षेत्र में सेवा भाव के कई कार्यक्रम चला रहा है। इस्कान की रसोई में उन्होंने प्रसाद निर्माण में भागीदारी की। पत्नी व बहू ने रोटियों पर घी लगाया और मटर छीली। दोपहर करीब सवा एक बजे नाव से सपरिवार संगम पहुंचे और स्नान के बाद पूजा-अर्चना की। उसके बाद आदि शंकर विमान मंडपम पहुंचे। बाद में गीता प्रेस के पंडाल में गए और आरती संग्रह का वितरण किया।

योगी-मोदी का जताया आभार, कहा- यूपी में अपार संभावनाएं: गौतम अदाणी ने यहीं मीडिया से बातचीत में कुंभ की भव्यता व दिव्यता को सराहा। कहा, प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने वालों को यहां आकर सीखना चाहिए। उन्होंने साधु-संतों, कल्पवासी व श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों व सुरक्षा बलों को धन्यवाद देते हुए पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने यूपी के विकास में योगदान में प्रतिबद्धता दोहराई। कहा, उप्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां 25 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। यहां के विकास

Dainik Jagran • 22 Jan • Adani Group

Adani made public the information of son's marriage

1 • PG | 573 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

prayagraj

अदाणी ने सार्वजनिक की बेटे के विवाह की सूचना

जागरण संवाददाता, महाकुंभ नगर : जाने-माने उद्योगपति और अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी मंगलवार को सपरिवार पुण्य दर्शन के लिए महाकुंभ पहुंचे और मां गंगा की पूजा-अर्चना की। अदाणी यहां पत्नी अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डा. प्रीति अदाणी, बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और पोतियां व छोटे बेटे जीत अदाणी साथ पहुंचे और दर्शन पूजन के बाद बेटे जीत के विवाह तिथि की जानकारी भी सार्वजनिक की। जीत की शादी सूरत के बड़े हीरा कारोबारियों में एक जैमिन शाह की बेटी दिवा जैमिन शाह से तय है। सगाई हो चुकी है और विवाह सात फरवरी को होगा। महाकुंभ पहुंचे अदाणी ने इस्कान के शिविर में प्रसाद बनवाने और उसे श्रद्धालुओं में वितरित कराने में सहयोग किया। बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर व श्री आदिशंकर विमान मंडपम भी गए और दर्शन-पूजन किया। महाकुंभ को लेकर उनकी टिप्पणी थी,- 'अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक...। प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां मां गंगा की गोद में समाहित हो गई हैं।'



- सात फरवरी को सूरत के हीरा व्यवसायी जैमिन शाह की बेटी दिवा के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे जीत
- महाकुंभ को बताया, 'अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक..., इस्कान में प्रसाद बनवाने में किया सहयोग

<<गंगा आरती करते गौतम अदाणी, पत्नी प्रीति अदाणी, पुत्र करण अदाणी व पुत्रवधू परिधि अदाणी ● जागरण

विवाह समारोह को लेकर इस सवाल पर कि क्या शादी में सेलिब्रिटीज का महाकुंभ होगा, अदाणी ने कहा-''बिलकुल नहीं। मेरी कार्यशैली अलग है, सामान्य वर्ग की है। विवाह पारिवारिक लोगों की मौजूदगी में होगा और साधारण और परंपरागत ढंग से होगा।'' परिवार के साथ चार्टर्ड विमान से प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद वह सीधे महाकुंभ क्षेत्र स्थित इस्कान के शिविर में पहुंचे। इस्कान के सहयोग से अडाणी समूह मेला क्षेत्र में सेवा भाव के कई कार्यक्रम चला रहा है। इस्कान की रसोई में उन्होंने प्रसाद निर्माण में भागीदारी की। पत्नी और बहू ने रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। लगभग सवा एक बजे नाव से सपरिवार संगम पहुंचे और स्नान के बाद पूजा-अर्चना की। वे आदि शंकर विमान मंडपम में पहुंचने पर 51 बटुकों ने मंत्रोच्चार किया।

संबंधित सामग्री » 4

Dainik Jagran • 22 Jan • Adani Group

Adani erased the difference between common and special

4 • PG | 497 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

prayagraj

आम और खास के अंतर को मिटा गए अदाणी

संगम की रेती पर आम जन की तरह सेवा में आत्मीयता से रहे लीन, हर किसी श्रद्धालु से घुलमिल कर की बात

जागरण संवाददाता, महाकुंभ नगर : उद्योगपतियों में गौतम अदाणी ऐसा नाम है जिनके आसपास सेवा करने वालों की कोई कमी नहीं है। वही गौतम अदाणी चेहरे साधारण परिवार के लोगों की तरह मंगलवार को संगम की रेती पर 'सेवा' में पूरी आत्मीयता से लीन रहे। उनकी अपनी विशेष सुरक्षा टीम उनके आसपास थी लेकिन अदाणी संगम की रेती पर अपने समूह के पद से कुछ 'अलग' थे। उनका परिवार भी रसोई में काम करने वालों के साथ ऐसा घुल गया मानो आम और खास में कोई अंतर ही नहीं हो। चेहरे पर मुस्कान और श्रद्धालुओं से घुलमिल कर बातें करना सभी को अचरज में डाल रहा था।

गौतम अदाणी इस्कान के शिविर में रसोई संभालने जा पहुंचे। रसोइया से कहकर उन्होंने 'कलछुल' पकड़ लिया। पत्नी प्रीति और बहू रुषिका हरी मटर छीलने के लिए बैठ गईं। कुछ पल के लिए सभी को लगा कि यह एक साधारण परिवार है। रसोई में काम करने वाली महिलाएं भी हंस कर बतियाने लगीं। संगम पहुंचे पर तीर्थ पुरोहितों, स्टीमर कर्मियों से बात करने लगे। संगम, महाकुंभ व्यवस्था की जानकारी ली। दोपहर करीब तीन बजे जब काफिला श्रीआदि शंकर विमान मंडपम आया तो भीड़ जुटी। भाजपा नेता राकेश शुक्ल व उनकी पत्नी ने अदाणी परिवार का स्वागत किया। पुलिस कर्मी और अदाणी समूह के सुरक्षा कर्मियों को भीड़ हटानी पड़ी। इस दौरान गौतम अदाणी जितने भी लोगों से मिले, सामान्य व्यवहार किया।



महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित इस्कान मंदिर के शिविर में मंगलवार को भोजन प्रसाद वितरित करते उद्योगपति गौतम अदाणी साथ में पत्नी प्रीति अदाणी • जागरण

करेंगे और निवेश, सरकार सही दिशा में काम कर रही

मां गंगा का आशीर्वाद लेने के बाद प्रख्यात उद्योगपति ने यूपी के विकास में योगदान को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। यहां 25 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं। यहां के विकास के लिए राज्य सरकार सही दिशा में काम कर रही है। अदाणी समूह इस प्रगति में योगदान देना जारी रखेगा। हम उत्तर प्रदेश में और अधिक निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अदाणी समूह ने प्रदेश में लॉजिस्टिक, डेयर हाउस व अन्य क्षेत्रों में बड़ा निवेश किया है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 24 हजार करोड़ से अधिक के सम्झौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे और निवेश करने से रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।



महाकुंभ मेला के सेक्टर 19 में स्थित इस्कान मंदिर के शिविर में भोजन प्रसाद बनाते उद्योगपति गौतम अदाणी • सौ. इस्कान



इस्कान मंदिर के शिविर में भोजन प्रसाद बनाने के लिए सब्जी काटते बैठीं उद्योगपति गौतम अदाणी की पत्नी प्रीति अदाणी, बाएं परिधि अदाणी और गोद में बैठी बेटी • सौ. इस्कान मैडल



महाकुंभ मेला में पहुंचे उद्योगपति गौतम अदाणी के छोटे पुत्र जीत अदाणी को आशीर्वाद देते इस्कान मंदिर के संत • सौ. टीम अदाणी



मंगलवार को महाकुंभ प्रभाग के दौरान संगम तट स्थित श्रीआदि शंकर विमान मंडपम में दर्शन के दौरान उद्योगपति गौतम अदाणी का स्वागत करते राकेश शुक्ल • अभिजात राजा चटर्जी



संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर में पूजन करते उद्योगपति गौतम अदाणी • सौ. इस्कान

Dainik Jagran • 11 Jan • Adani Group

Geeta Press trusty meet with Adani

15 • PG | 93 • Sqcm | 235324 • AVE | 1.14M • Cir | Middle Center

Delhi

अदाणी से मिले गीताप्रेस के ट्रस्टी, भेंट किया आरती संग्रह

जासं, गोरखपुर : गीताप्रेस के ट्रस्टी ने शुक्रवार को उद्योगपति गौतम अदाणी से मुलाकात कर 'आरती संग्रह' भेंट किया। अदाणी ग्रुप ने इसकी एक करोड़ प्रतियां प्रयागराज महाकुंभ मेले में बांटने के लिए गीताप्रेस से मांगी हैं। गीताप्रेस ने 25 लाख प्रतियां उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। ट्रस्टियो ने गौतम अदाणी को गीताप्रेस आने का आमंत्रण भी दिया, जिस पर उन्होंने कहा कि मेरी भी इच्छा है कि गीताप्रेस का दर्शन करूं। गीताप्रेस के आशुतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरती संग्रह में 102 आरतियां हैं।

Dainik Jagran • 11 Jan • Adani Group

The resolve to deliver Aarti collection to every home

2 • PG | 687 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top

Gorakhpur

हर घर, मंदिर में आरती संग्रह पहुंचाने का संकल्प

अदाणी ग्रुप ने प्रयागराज कुंभ मेले में बांटने के लिए मांगी आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियां

गीताप्रेस ट्रस्टियों से मुलाकात

- अहमदाबाद में गौतम अदाणी से मिले ट्रस्टी, पुस्तक भेंट कर दिया गीताप्रेस आने का आमंत्रण
- गीताप्रेस में 28 लाख 89 हजार प्रतियां हो चुकी हैं प्रकाशित, आज से भेजने की तैयारी

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गीताप्रेस के ट्रस्टी गुजरात के अहमदाबाद में प्रमुख उद्योगपति गौतम अदाणी से शुक्रवार को मिले। उन्होंने गीताप्रेस से प्रकाशित होने वाली पुस्तक 'आरती संग्रह' की प्रति उन्हें भेंट की। इस पुस्तक की एक करोड़ प्रतियां कुंभ मेले में बांटने के लिए अदाणी ग्रुप ने गीताप्रेस से मांगी है। ट्रस्टियों ने उन्हें 25 लाख प्रतियां उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। ट्रस्टियों के अनुसार अदाणी ने कहा कि मेरा संकल्प है कि हर घर व मंदिर में यह आरती संग्रह पहुंचे। इसलिए समय-समय पर इसकी मांग प्रेस को भेजी जाती रहेगी। ट्रस्टियो ने उन्हें गीताप्रेस आने का आमंत्रण दिया। गौतम अदाणी ने कहा कि मेरी भी इच्छा है कि गीताप्रेस का दर्शन करूं।

अहमदाबाद में अदाणी ग्रुप के कार्यालय में हुई मुलाकात लगभग एक घंटे चली। इस दौरान ट्रस्टियों ने उन्हें गीताप्रेस के इतिहास से अवगत कराया। ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल ने बताया कि 2023 में गीताप्रेस ने अपना शताब्दी वर्ष मनाया था। उन्होंने अगले सौ वर्षों की अपनी कार्ययोजना भी उनसे साझा की। उनके साथ गीताप्रेस के जनरल सेक्रेटरी नील रतन चांदगोठिया, ट्रस्ट बोर्ड के सदस्य राम नारायण चांडक, प्रबंधक लालमणि तिवारी ने अदाणी को गुजराती भाषा की पुस्तक 'साधक संजीवनी', मासिक पत्रिका 'कल्याण' का 2025 का विशेषांक 'पर्यावरण-अंक', 'सचित्र गीता प्रबोधनी', 'हनुमान चालीसा' की पांच प्रतियां, गीता दैनंदिनी और गीताप्रेस के संस्थापक सेठजी जयदयाल गोयंदका की पुस्तक 'तत्व चिंतामणि' भेंट की। इस अवसर पर संजय तिवारी भी उपस्थित थे।

मुलाकात की फोटो गौतम अदाणी ने एक्स पर साझा करते हुए लिखा है कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति व धार्मिक आस्था का महायज्ञ है। यह हमारे लिए अपार संतुष्टि का विषय है कि इस महायज्ञ में प्रतिष्ठित संस्थान गीताप्रेस के सहयोग से हम आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियां कुंभ में आए श्रद्धालुओं की सेवा में निशुल्क अर्पित कर रहे हैं। सनातन साहित्य के माध्यम से सौ वर्षों से राष्ट्र की सेवा कर रहे गीताप्रेस के सम्मानित पदाधिकारियों से मिलकर प्रेरणा प्राप्त हुई और गीताप्रेस के उत्कृष्ट सेवा कार्यों के प्रति आभार व्यक्त करने का सौभाग्य मिला। निःस्वार्थ सेवा भाव और धर्म एवं संस्कृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना, राष्ट्रप्रेम का ही एक रूप है, जिसके लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सेवा को साधना, प्रार्थना और परमात्मा बताया है।



अहमदाबाद में अदाणी ग्रुप के कार्यालय में उद्योगपति गौतम अदाणी को पुस्तक भेंट करते दाएं गीताप्रेस के ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल व दाएं जनरल सेक्रेटरी नील रतन चांदगोठिया। साथ में डा. लालमणि तिवारी, संजय तिवारी, राम नारायण चांडक व अन्य • सौ.स्वयं



संग्रह में हैं 102 आरतियां

गीताप्रेस तीन तरह का आरती संग्रह प्रकाशित करता है। आरती संग्रह की जो पुस्तक अदाणी ग्रुप को दी जाएगी, उसमें देवी-देवताओं की 102 आरतियां हैं। इसमें वैदिक आरती के साथ ही गणेश जी, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, लक्ष्मीनारायण, लक्ष्मी जी, सत्यनारायण, दशावतार, श्रीराम, श्रीसीताराम, श्रीकृष्ण, दुर्गाजी की आरती शामिल है। इसकी कीमत 15 रुपये है, छूट के बाद अदाणी ग्रुप को 11.40 रुपये में दी जा रही है। इस पुस्तक के 95वें संस्करण में चार लाख प्रतियों का प्रकाशन लगभग पूरा हो चुका है। अब तक इसकी 28 लाख 89 हजार प्रतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। महाकुंभ में प्रतियां शनिवार को भेजे जाने की संभावना है।

आशुतोष कुमार उपाध्याय, उत्पाद प्रबंधक, गीताप्रेस।

Dainik Jagran • 10 Jan • Adani Group

One crore Aarti collection, Adani will distribute Mahaprasad


6 • PG | 1060 • Sqcm | 0 • AVE | N/A • Cir | Top
prayagraj

एक करोड़ आरती संग्रह, प्रतिदिन एक लाख लोगों को अडानी बांटेंगे महाप्रसाद

- पूरे महाकुंभ में 50 लाख से अधिक लोगों को कराएंगे भोजन
- इस्कान के माध्यम से डीएसए ग्राउंड के पास बनेगा महाप्रसाद

जागरण संवाददाता, प्रयागराज : उद्योगपति गौतम अडानी महाकुंभ में हर दिन एक लाख श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन महाप्रसाद कराएंगे, जबकि एक करोड़ आरती संग्रह पुस्तकों का वितरण होगा। भोजन में रोटी, दाल, चावल, सब्जी और मिठाई होगी। इसके लिए अडानी ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कान) के साथ हाथ मिलाया है। डीएसए ग्राउंड के पास महारसोई बनाई जा रही है, जहां प्रतिदिन एक लाख से अधिक लोगों के लिए भोजन बनाया जाएगा। यहां 1,800 लोगों को साफ-सफाई व व्यवस्था संचालन के लिए तैनात किया जाएगा। प्रयागराज जंक्शन के पास इसका संचालन किया जाएगा। इससे जंक्शन आने-जाने वाले व खुशरोबाग में रुकने वाले लोगों को महाप्रसाद मिल सकेगा।

गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर गौतम अडानी ने पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने लिखा कि कुंभ सेवा की वो तपोभूमि है जहां हर हाथ स्वतः ही परमार्थ में जुट जाता है। यह मेरा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में हम इस्कान के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के लिए 'महाप्रसाद सेवा' आरंभ कर रहे हैं, जिसमें मां अन्नपूर्णा के आशीर्वाद से लाखों लोगों को निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अडानी ने इस्कान के गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात की एक फोटो भी पोस्ट की है। लिखा कि स्वामी जी से मिल कर सेवा के प्रति समर्पण की शक्ति को गहराई से अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ। सच्चे अर्थों में सेवा ही राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च स्वरूप है। सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है।



इस्कान के गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात करते गौतम अडानी • साभार अडानी एक्स हैंडल

अडानी के गोल्फ कार्ट से आसान होगी दिव्यांग व बुजुर्ग की राह : अडानी ग्रुप महाकुंभ के दौरान दिव्यांग, बुजुर्ग और बच्चों के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा। इससे वह आसानी से यात्रा कर सकेंगे। गोल्फ कार्ट (जिसे वैकल्पिक रूप से गोल्फ बग्गी या गोल्फ कार के रूप में जाना जाता है) एक छोटा मोटर चालित वाहन है। इसे गोल्फ मैदान में गोल्फरों को आवागमन के लिए उपयोग में लाया जाता है।

Dainik Jagran • 10 Jan • Adani Group
Maha Kumbh will lead to economic growth of Rs 2 lakh crore
11 • PG | 623 • Sqcm | 1575551 • AVE | 1.14M • Cir | Middle Center
Delhi

महाकुंभ से उप्र में दो लाख करोड़ की होगी आर्थिक वृद्धि

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : प्रयागराज महाकुंभ से उत्तर प्रदेश में दो लाख करोड़ रुपये की आर्थिक वृद्धि का अनुमान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि महाकुंभ जैसे आयोजनों का प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वर्ष 2019 में आयोजित कुंभ के दौरान उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि में 1.20 लाख करोड़ रुपये का योगदान रहा था। इस बार 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे विशेषज्ञ भी दो लाख करोड़ रुपये की आर्थिक वृद्धि के सरकारी दावे को सही ठहरा रहे हैं।

कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआइटी) के यूपी चैप्टर के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोयल के मुताबिक, अकेले पूजा सामग्री का कारोबार लगभग दो हजार करोड़ रुपये होने की उम्मीद है, जबकि 45 दिन के इस मेले में फूलों का कारोबार करीब 800 करोड़ रुपये तक होने का अनुमान है। मेले के दौरान अन्य वस्तुओं में किराने का सामान (आटा, चीनी, चाय, मसाले) 4000 करोड़, खाद्य तेल 1000 करोड़, सब्जियों पर 2000 करोड़, बिस्तर, गद्दे, बेडशीट और अन्य सामान पर 500 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है।

एप्पल के सह संस्थापक की पत्नी लारेन करेंगी अमृत स्नान

जारसं, महाकुंभ नगर : महाकुंभ का आयोजन दुनिया में आकर्षण का केंद्र बनने के साथ ही विश्वभर में आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति का संदेश फैलाने का माध्यम बन गया है। देश-दुनिया के प्रभावशाली लोग भी पुण्य की डुबकी लगाने महाकुंभ में आ रहे हैं। इनमें विशेष चर्चा का विषय हैं दुनिया की सबसे धनी महिलाओं में शामिल लारेन पावेल जाब्स। एप्पल के सह-संस्थापक स्टीव जाब्स की पत्नी लारेन आध्यात्मिकता की खोज में महाकुंभ के श्रीनिरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में लगभग 10 दिनों तक रुकेंगी। लारेन पावेल जाब्स मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा में अमृत स्नान करेंगी। यह स्नान महाकुंभ के मुख्य आकर्षणों में से एक हैं और इसे आध्यात्मिक शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। आचार्य महामंडलेश्वर ने बताया कि लारेन सनातन धर्म से प्रभावित हैं और इसे करीब से अनुभव करने की इच्छा व्यक्त की है।


लारेन पावेल जाब्स • सौ. इंटरनेट मीडिया


प्रयागराज की अनामिका शर्मा ने बैंकाक में 13,000 फीट की ऊंचाई से दिव्य-भव्य महाकुंभ का आधिकारिक ध्वज लहराया। • सौ. सजन

एक करोड़ आरती संग्रह व महाप्रसाद बांटेंगे अदाणी

जागरण संवाददाता, महाकुंभ नगर : उद्योगपति गौतम अदाणी महाकुंभ में हर दिन एक लाख श्रद्धालुओं को निश्शुल्क महाप्रसाद (भोजन) कराएंगे। भोजन में रोटी, दाल, चावल, सब्जी और मिठाई होगी। इसके लिए अदाणी ग्रुप ने अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कान) के साथ हाथ मिलाया है। डीएसए ग्राउंड के पास महारसोई बनाई जा रही है। अदाणी ग्रुप एक करोड़ आरती संग्रह पुस्तकों का वितरण भी कराएगा। एक्स अकाउंट पर गौतम अदाणी ने पोस्ट कर इसकी जानसारी साझा की।

Dainik Jagran • 10 Jan • Adani Group

Adani will distribute Mahaprasad to one lakh people every day

2 • PG | 43 • Sqcm | 29610 • AVE | 1.46M • Cir | Top Right

Varanasi

हर दिन एक लाख लोगों को अदाणी बांटेंगे महाप्रसाद



इस्कान के गुरु प्रसाद स्वामी से मुलाकात करते गौतम अदाणी। साथ अदाणी के पक्ष हैदान से ● संवाद

अदाणी ग्रुप के गोल्फ कार्ट से आसान होगी दिव्यांग व बुजुर्ग की राह

अदाणी ग्रुप महाकुंभ के दौरान दिव्यांग, बुजुर्ग और बच्चों के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराएगा। इससे वह आसानी से घाट घर सकेंगे। गोल्फ कार्ट (जिसे पैसेंजिंग क्रार भी गोल्फ कारी या गोल्फ क्रार के रूप में जाना जाता है) एक छोटा मोटर चालित वाहन है।

मुलाकात की एक फोटो भी पोस्ट की है। लिखा- 'स्वामी जी से मिलकर सेवा के प्रति समर्पण की शक्ति को महसूस करने का अवसर प्राप्त हुआ। सच्चे अर्थों में सेवा ही राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च स्वरूप है। सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्म है।'

Daily News Activist • 22 Jan • Adani Group

In Mahakumbh, Gautam Adani himself made Halwa-Puri

2 • PG | 1302 • Sqcm | 0 • AVE | 208.92K • Cir | Top


Lucknow

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़
ऐक्टिविस्ट

महाकुंभ में गौतम अडाणी ने खुद बनाया हलवा-पूड़ी, लोगों को भोजन भी परोसा, कहा

यूपी में अपने निवेश को अधिकतम करने के लिए प्रतिबद्ध

- पत्नी संग गंगा आरती की, 1.30 घंटे रहे, कहा मैं यहां आकर बहुत उत्साहित हूं



